Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक RNI NO. UPHIN/2018/76874

# वेलकम इंडिया

महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 07 अंक: 45 | रविवार , 15 फरवरी -2026 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## असम में पीएम मोदी गरजे

# कांग्रेस ने की उपेक्षा , हमारे लिए Northeast 'अष्टलक्ष्मी' है

**नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री मोदी ने असम में कांग्रेस पर पूर्वोत्तर की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा सरकार के लिए यह क्षेत्र 'अष्टलक्ष्मी' है और इसके विकास के लिए समर्पित है। उन्होंने आगामी चुनावों के मद्देनजर इंफ्रास्ट्रक्चर विकास और क्षेत्र को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने की सरकार की प्रतिबद्धता पर जोर दिया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कांग्रेस पर अपने शासनकाल में पूर्वोत्तर की उपेक्षा करने का आरोप लगाया और कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार इस क्षेत्र को अष्टलक्ष्मी मानती है। एक रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उनकी सरकार असम में बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दे रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि संसद में केंद्रीय बजट पेश होने के बाद यह असम की उनकी पहली यात्रा है। मोदी ने कहा कि कुछ दिन पहले केंद्रीय बजट पेश हुआ। बजट के बाद पूर्वोत्तर की यह मेरी पहली यात्रा है। कांग्रेस द्वारा उपेक्षित पूर्वोत्तर हमारी प्राथमिकता है और हम इसके विकास के लिए समर्पित हैं। हमारे लिए पूर्वोत्तर हमारी अष्टलक्ष्मी है। हमने पूर्वोत्तर को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने पर विशेष ध्यान दिया है।



## रायपुर में तकनीकी खराबी के कारण इंडिगो के विमान की रफ लैंडिंग




**नई दिल्ली।**

रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर शनिवार को बड़ा हादसा टल गया। तकनीकी खराबी के कारण भोपाल से रायपुर आ रही इंडिगो की फ्लाइट लैंडिंग के बाद अचानक रनवे पर उछल गई, जिससे यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। इंडिगो की फ्लाइट शनिवार को दोपहर एक बजकर 15 मिनट पर भोपाल से रवाना हुई थी। विमान ने रायपुर पहुंचने के बाद जैसे ही रनवे को टच किया, अचानक झटका लगा। पायलट ने फिर उड़ान भरी और 20 मिनट तक विमान को हवा में घुमाया और फिर से रफ लैंडिंग कराई। जानकारी के अनुसार, लैंडिंग गियर में खराबी के कारण यह समस्या हुई। एयरपोर्ट प्रबंधन ने खराबी के कारण विमान की अगली उड़ान रद कर दी। भोपाल जाने वाले यात्रियों को दिल्ली, मुंबई और कोलकाता के माध्यम से भेजा गया। रायपुर में इससे पहले भी सितंबर 2024 और जनवरी 2020 में रफ लैंडिंग की घटनाएं हुई थीं।

## कपिल सिब्बल को 2010 में मिला था एपस्टीन का वित्त पोषित पुरस्कार : भाजपा



**नई दिल्ली।** भाजपा ने शनिवार को आरोप लगाया कि पूर्व केंद्रीय मंत्री कपिल सिब्बल ने 2010 में अमेरिका में एक कार्यक्रम में अमेरिकी यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन द्वारा वित्त पोषित पुरस्कार प्राप्त किया था। कांग्रेस नेता राहुल गांधी को इस पर स्पष्टीकरण देना चाहिए। इस बारे में पूछे जाने पर सिब्बल ने भाजपा के इस दावे को "बकवास" बताकर खारिज कर दिया। एक्स पर एक पोस्ट में भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने कहा कि 2010 में जेफरी एपस्टीन द्वारा कथित तौर पर वित्त पोषित एक पुरस्कार कपिल सिब्बल को मिला था। भंडारी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस के विदेश विभाग के प्रमुख सैम पित्रोदा भी "उन्हीं समूहों" से जुड़े थे। उन्होंने एक्स पर एक दस्तावेज पोस्ट किया, जिसमें कथित तौर पर सिब्बल का नाम न्यूयार्क में आयोजित 2010 के अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार समारोह में पित्रोदा सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ पुरस्कार विजेताओं की सूची में था।

## असम में ब्रह्मपुत्र नदी के नीचे बनेगी भारत की पहली सड़क-रेल सुरंग

**नई दिल्ली।**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति ने असम के गोहपुर और नुमालीगढ़ के बीच पानी के नीचे भारत की पहली सड़क सह रेल सुरंग के निर्माण को मंजूरी दे दी।

ब्रह्मपुत्र नदी के नीचे बनाई जाने वाली यह सुरंग भारत की पहली और दुनिया की दूसरी सड़क-रेल सुरंग होगी। 34 किलोमीटर लंबी इस परियोजना पर 18,662 करोड़ रुपये की लागत आएगी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को पत्रकारों से कहा कि नदी के नीचे भारत की पहली सुरंग कोलकाता में हुगली के नीचे बनाई गई है और अहमदाबाद-मुंबई बुलेट ट्रेन परियोजना के लिए पहली समुद्री सुरंग पर काम जारी है। हुगली नदी के नीचे बनी सुरंग मेट्रो संचालन के लिए है, जबकि प्रस्तावित गोहपुर-नुमालीगढ़ सुरंग में रेल और सड़क परिवहन दोनों साथ-साथ संचालित होंगे। केंद्र सरकार ने एक बयान जारी कर कहा है कि इस परियोजना से असम, अरुणाचल प्रदेश, नगालैंड और अन्य पूर्वोत्तर राज्यों को काफी लाभ होगा। इससे माल ढुलाई की दक्षता बढ़ेगी, रसद लागत कम होगी और क्षेत्र में सामाजिक-आर्थिक विकास को गति मिलेगी। यह परियोजना पूरे असम में प्रमुख आर्थिक, सामाजिक और रसद केंद्रों को निर्बाध संपर्क प्रदान करेगी।

## तारिक रहमान का शपथ ग्रहण

# बांग्लादेश ने पीएम मोदी को समारोह में शामिल होने का दिया न्योता

**नई दिल्ली।**


बांग्लादेश ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देश के अगले प्रधानमंत्री तारिक रहमान के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए न्योता दिया है। इसके साथ ही 16 फरवरी को दूसरे क्षेत्रीय नेताओं को भी बुलाया जाएगा।

ढाका से यह न्योता शनिवार देर रात भारतीय पक्ष को तब दिया गया जब रहमान की बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के नेताओं ने संकेत दिया कि शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए क्षेत्रीय नेताओं को बुलाया जाएगा। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ढाका जाने की संभावना कम है क्योंकि वह 17 फरवरी को मुंबई में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ द्विपक्षीय बैठक करने वाले हैं। मैक्रों, अगले हफ्ते एआई इम्पैक्ट समिट में हिस्सा लेने के लिए भारत आ रहे हैं जानकारी के मुताबिक, तारिक रहमान के शपथ ग्रहण समारोह में भारतीय पक्ष की तरफ से कोई सीनियर नेता, शायद उप राष्ट्रपति या विदेश मंत्री शामिल हो सकते हैं। भारतीय पक्ष बांग्लादेशी पक्ष के साथ जल्दबाजी में सुलह करते हुए भी नहीं दिखना चाहता, हालांकि निचले स्तर पर पहुंचे रिश्तों को फिर से ठीक करना अभी भी प्राथमिकता है। बताया गया है कि रहमान के शपथ ग्रहण समारोह में सार्क ज्यादातर नेताओं को बुलाने पर विचार चल रहा है, जिसकी शुरूआत रहमान के पिता, पूर्व राष्ट्रपति जियाउर रहमान ने की थी।



## दिल्ली-गाजियाबाद की हवा फिर हुई 'खराब'

**नई दिल्ली।**



मौसम विभाग ने शनिवार को बताया कि रविवार को राजधानी में सुबह के वक्त हल्की धुंध होगी जबकि दिन में आसमान साफ रहेगा। अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान क्रमशः 27 और 11 डिग्री रहने की संभावना है।


मौसम विभाग के अनुसार, शनिवार को दिल्ली का अधिकतम तापमान सामान्य से 3.6 डिग्री अधिक 27 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान सामान्य से 1.0 डिग्री कम 9.2 डिग्री सेल्सियस रहा। हवा में नमी का स्तर 97 से 37 प्रतिशत रिकार्ड किया गया। उधर केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार, शनिवार को दिल्ली की वायु गुणवत्ता फिर से 'खराब' श्रेणी में पहुंच। एक्यूआइ 230 रहा। वायु गुणवत्ता निगरानी प्रणाली के अनुसार अगले कई दिन यह इसी के आसपास रह सकता है। वहीं गाजियाबाद की बात करें तो दो दिन राहत मिलने के बाद जिले की हवा फिर से खराब हो गई है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार जिले का एक्यूआइ 255 दर्ज किया गया। हवा फिर से जहरीली हो गई है। हवा की गति बढ़ने से 12 फरवरी को एक्यूआइ बेहद खराब श्रेणी से मध्यम श्रेणी में आ गया था। दो दिन तक एक्यूआइ मध्यम श्रेणी में ही रहा। शनिवार को जैसे ही हवा की गति घटी तो हवा फिर से खराब हो गई।

## मुरादाबाद मंडल में 'महाचोरी' : 7 महीने में 227 करोड़ की बिजली गायब, विभाग के उड़े होश!

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद जोन के तीन जिलों में हर महीने बिजली चोर सरकार को करोड़ों रुपये का चुना लगा रहे हैं। मुरादाबाद जोन को ग्रिड से मिलने वाली बिजली व उपभोक्ताओं को बेची जाने वाली बिजली के यूनिट में आए अंतर से बिजली चोरी की जानकारी सामने आई।

जिसके तहत सात माह में मुरादाबाद जोन के तीन जिलों में करीब सात माह में 227.20 करोड़ की बिजली चोरी हो गई। विद्युत विभाग के मुरादबाद जोन में तीन जिले मुरादाबाद, संभल व रामपुर आते है।

## 'जीत केवल बयानबाजी से नहीं होती'



**नई दिल्ली।**

चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए पड़ोसी पाकिस्तान पर निशाना साधा और कहा, ₹सिर्फ बयानबाजी से जीत का एलान नहीं होता।₹ उन्होंने यह बात भारत की डिफेंस तैयारियों पर बात करते हुए और नेशनल सिक्योरिटी सिस्टम को मजबूत करने की जरूरत पर जोर देते हुए कही।

उन्होंन यह भी कहा कि जीत का एहसास खराब एयर डिफेंस सिस्टम से नहीं बनाया जा सकता। पुणे में 'जय से विजय' सेमिनार के शुरूआती सेशल में बोलते हुए जनरल अनिल चौहान ने ऑपरेशन सिंदूर में भारत की सफलता का जिक्र किया और इस बात पर जोर दिया कि असली जीत सबूतों में है। उन्होंने कहा कि भारत को अभी और भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार रहने के लिए अपने एयर डिफेंस सिस्टम का गंभीर असेसमेंट करना चाहिए। पाकिस्तान का नाम लिए बिना, सीडीएस ने अप्रैल 2025 में पाकिस्तान के स्पॉन्सर्ड पहलगाम टेरल अटैक के बाद मई में भारत के काउंटरटेरर ऑपरेशन के दौरान हुए नुकसान पर जोर दिया।

**सीडीएस अनिल चौहान ने बिना नाम लिए पाकिस्तान पर साधा निशाना**

## अब जिला अस्पतालों में कैंसर रोगियों की हो सकेगी कीमोथेरेपी



**नई दिल्ली।**

कैंसर रोगियों को राहत देने के लिए केंद्र सरकार एक बड़ा कदम उठाने जा रही है। कैंसर मरीजों को अब जिला अस्पतालों में ही कीमोथेरेपी की सुविधा मिलेगी, जिससे उनको बड़े शहरों में जाने की आवश्यकता नहीं होगी। अगले वित्त वर्ष के बजट में सरकार ने इसका एलान किया था। इसके तहत अगले तीन वर्षों में देशभर के जिला अस्पतालों में डे-केयर कैंसर सेंटर (डीसीसीसी) स्थापित किए जाएंगे। 200 डे-केयर कैंसर सेंटर 2025-26 के दौरान ही बनाए जाएंगे। इस कदम का उद्देश्य मरीजों को घर के पास कीमोथेरेपी की सुविधा देना और बड़े अस्पतालों पर दबाव कम करना है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अधिकारियों ने बताया कि कैंसर के बढ़ते मामलों और सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत करने की आवश्यकता को देखते हुए यह पहल शुरू की गई है, ताकि मरीजों को घरों के करीब कीमोथेरेपी उपलब्ध हो सके। कैंसर के इलाज के लिए मरीजों को आमतौर पर कई महीनों तक अस्पताल के कई चक्कर लगाने पड़ते हैं। प्रभावी इलाज के लिए नियमित फालोअप और समय पर कीमोथेरेपी कराना आवश्यक है। अधिकारियों ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले या आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के मरीजों के लिए बड़े शहरों की बार-बार यात्रा करना आर्थिक रूप से महंगा और शारीरिक रूप से कष्टदायक हो सकता है।

**बनेंगे डे-केयर सेंटर, बजट में हुआ एलान**

## संपादक की कलम से

# बजट सत्र के 19 घंटे बर्बाद

संसद के बजट सत्र में लोकसभा में विपक्ष और सरकार के बीच गतिरोध खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। लोकसभा में हंगामें की वजह से सदन का 19 घंटे 13 मिनट का समय बर्बाद हो चुका है। यह साफ तौर पर सदन में अविश्वास को दशार्ता है। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने पिछले हफ्ते, शुक्रवार को सांसदों से सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से चलने देने की अपील करते हुए कहा था कि अब तक बजट सत्र के 19.13 घंटे बर्बाद हो चुके हैं। उनकी अपील के कुछ वक्त बाद ही हंगामा शुरू हो गया और कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। तब से लेकर सोमवार तक, इस आंकड़े में कुछ और घंटे जुड़ चुके हैं। दोनों सदनों में गतिरोध कायम है और अब तो ऐसा लग रहा है कि सुलह से ज्यादा कोशिश टकराव के बहाने तलाशने की हो रही है।



ललित शर्मा
संपादक

अधूरी चर्चाएं इस बजट सत्र में अभी तक ढंग से कोई भी चर्चा पूरी नहीं हो सकी है। विपक्ष का कहना है कि लोकसभा में राहुल गांधी को बोलने का मौका नहीं दिया जा रहा। सोमवार को एक बार लगा जरूर कि शायद कोई रास्ता निकल जाए, जब नेता प्रतिपक्ष और स्पीकर की मुलाकात हुई। हालांकि बाद में पेच इस पर फंस गया कि राहुल गांधी बजट पर बोल सकते हैं, किसी और विषय पर नहीं। विपक्ष की शिकायत सदन को चलाने के लिए जितने जरूरी हैं नियम-कायदे, उतनी ही अहमियत परंपराओं की भी है। और लोकतंत्र की परंपरा रही है कि सभी को बात रखने का मौका मिले। लेकिन, विपक्ष में यह भावना पनप रही है कि आसन उनके प्रति समान व्यवहार नहीं कर रहा। सरकार के पास बात रखने के लिए कई मंच और मौके होते हैं, पर विपक्ष के लिए सबसे बड़ा मंच सदन ही है, जहां वह सवाल पूछ सकता है। ये सवाल सरकार की जवाबदेही तय करने और नीतियों में संतुलन के लिए जरूरी हैं। भरोसे की कमी पीठासीन अधिकारी सदन के संरक्षक की भूमिका में होते हैं, जिनसे निष्पक्षता की उम्मीद की जाती है। विपक्ष को उनसे यह भरोसा रहता है कि वह बराबरी का मौका देंगे। चिंताजनक बात है कि यह भरोसा टूट रहा है। इसका सबूत कांग्रेस की महिला सांसदों की तरफ से ओम बिरला को लिखी गई चिट्ठी और यह खबर है कि स्पीकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की तैयारी है। अगर ऐसा होता है, तो भले संख्या बल विपक्ष के साथ नहीं, लेकिन इसका प्रतीकात्मक महत्व बहुत ज्यादा है। नकारात्मक छवि यह सेशन अभी तक नकारात्मक वजहों से ज्यादा चर्चा में रहा – सांसदों का निलंबन, पीएम का लोकसभा में सुरक्षा वजहों से भाषण देने नहीं आना। ये घटनाएं जनता के सामने जनप्रतिनिधियों की अच्छी तस्वीर पेश नहीं करतीं।

मोनिका डागा

## महाशिवरात्रि

कविता



शुभ दिन आया बजी शहनाई,
भक्तों को बहुत-बहुत बधाई,
देखो दुल्हन सी सजी महामाई,
नजर उतारे बार-बार मैना माई।

लाल जोडा.चमके खनके कलाई,
विवाह गीत मधुर-मधुर देते सुनाई,
हाथों-पांवों में लाल मेहंदी लगाई,
गौरा ने पायलिया छम-छम बजाई।

बनेंगे शिव जी हिमाचल के जमाई,
बरातियों ने धमाल धम-धम मचाई,
महाशिवरात्रि की पावन तिथि आई,
बोल हरहर महादेव बम बम गुंजाई।

भक्तों ने आज₹आनंद₹ खुशियॉ पाई,
प्रकृति भी देखो संग-संग मुस्कुराई,
देवी-देवों ने आशीष की झड़ी लगाई,
नभ से पुष्प वर्षा रिमझिम कराई।

लीला अद्भुत मॉ महादेव ने दिखाई,
सारे कष्टों से मुक्ति झट-पट दिलाई,
महाशिवरात्रि की महिमा हमें बताई,
अंतस दिव्य ज्योति जगमग जगाई।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# हेनले पासपोर्ट इंडेक्स 2026 जारी-भारत की 10 पायदान की छलांग-दो देशों द्वारा वीजा-फ्री सुविधा समाप्त- तारीफ आलोचना और वैश्विक संदर्भ में व्यापक विश्लेषण

वैश्विक गतिशीलता के इस दौर में पासपोर्ट केवल यात्रा दस्तावेज नहीं, बल्कि किसी राष्ट्र की कूटनीतिक विश्वसनीयता, आर्थिक ताकत और अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा का सूचक बन चुका है।वर्ष 2026 के हेनली एंड पार्टनर्स द्वारा जारी हेनली पासपोर्ट इंडेक्स में भारत ने 10 पायदान की उल्लेखनीय छलांग लगाते हुए 85वें स्थान से 75वें स्थान पर पहुंचकर एक सकारात्मक संदेश दिया है।भारतीय पासपोर्ट धारक अब 56 देशों में वीजा-फ्री या वीजा- ऑन-अराइवल सुविधा के साथ यात्रा कर सकते हैं।लेकिन इसी के साथ यह तथ्य भी सामने आया कि दो देशों ने भारतीयों के लिए वीजा-फ्री सुविधा समाप्त कर दी। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि ऐसे में स्वाभाविक प्रश्न उठता है कि दो देश घटे तो रैंकिंग कैसे सुधरी?और 2006 में हासिल 71वीं सर्वोच्च रैंक अब तक क्यों नहीं मिल पाई?इन दोनों पहलुओं को प्रशंसा और आलोचना,दोनों दृष्टिकोणों से समझना आवश्यक है।जहां एक और 10 रैंक की छलांग है तो दूसरी ओर ईरानःनवंबर 2025 में वीजा-फ्री सुविधा बंद कर दी गई। वजह थी धोखाधड़ी और ट्रैफिकिंग के मामले, जिनमें भारतीय नागरिकों को फर्जी नौकरी ऑफर देकर ईरान बुलाया गया और फिर किडनैप किया गया।बोलीवियाः पहले वीजा-ऑन-अराइवल मिलता था, लेकिन 2026 से ई-वीजा लागू कर दिया गया। अब पहले से ऑनलाइन आवेदन करना जरूरी है,इसलिए यह वीजा- फ्री कैटेगरी में बिलकुल ही नहीं आता।




साथियों बात अगर हम हेनले पासपोर्ट इंडेक्स को गहराई से समझने की करें तो,विश्व के लगभग 200 देशों के पासपोर्ट की ताकत को इस आधार पर रैंक करता है कि उनके नागरिक कितने देशों में बिना पूर्व वीजा के प्रवेश कर सकते हैं। इस इंडेक्स के निर्माण में इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के डेटा का उपयोग किया जाता है, जिसे हेनले की रिसर्च टीम विश्लेषित करती है।रैंक जितनी ऊंची, पासपोर्ट उतना शक्तिशाली। इस पैमाने पर देखें तो भारत का 75 वें स्थान पर पहुंचना एक उपलब्धि है,क्योंकि यह दशार्ता है कि भारतीय नागरिकों कीवैश्विक स्वीकार्यता और भारत की कूटनीतिक सक्रियता में सुधार हुआ है। साथियों बात अगर हम दो देश घटे,फिर भी रैंकिंग सुधरी कैसे? इसको समझने की करें तो,यह विरोधाभास प्रतीत हो सकता है कि वीजा-फ्री देशों की संख्या में कमी के बावजूद भारत की रैंकिंग बेहतर हुई। इसका उत्तर इंडेक्स की सापेक्ष प्रकृति में छिपा है।हेनले इंडेक्स पूर्णांक नहीं,बल्कि तुलनात्मक रैंकिंग है। यदि अन्य देशों की स्थिति अधिक तेजी से गिरी हो या कुछ देशों की वीजा सुविधाओं में कटौती हुई हो,तो भारत भले ही सीमित वृद्धि करे,उसकी रैंक ऊपर जा सकती है। दूसरे शब्दों में, रैंकिंग केवल अपने प्रदर्शन पर नहीं,बल्कि दूसरों के प्रदर्शन पर भी निर्भर करती है।यदि कुछ अफ्रीकी एशियाई या लैटिन अमेरिकी देशों की वीजा-फ्री पहुंच कम हुई हो,तो भारत तुलनात्मक रूप से ऊपर आ सकता है।तारीफ के दृष्टिकोण से देखें तो यह संकेत है कि भारत ने वैश्विक मंच पर संतुलित कूटनीति अपनाई है। अफ्रीका,दक्षिण-पूर्व एशिया और कैरिबियन देशों के साथ भारत के संबंधों में सुधार हुआ है। जिन देशों में भारतीय पासपोर्ट धारकों को वीजा-फ्री सुविधा मिलती है,उनमें अंगोला बबाड़ोस,भूटान ,फिजी ,मलेशिया मौर्याशिस,नेपाल ,थाईलैंड और त्रिनिदाद ल्लतिोबागो जैसे देश शामिल हैं। यह सूची दशार्ती है कि भारत की उपस्थिति उभरते और विकासशील देशों में मजबूत हुई है।आलोचना के दृष्टिकोण से देखें तो 56 देशों की वीजा-फ्री पहुंच अभी भी वैश्विक औसत से कम है। शीर्ष देशों की तुलना करें तो स्थिति स्पष्ट होती है। इंडेक्स में प्रथम स्थान पर सिंगापुर है, जिसके नागरिक 192 गंतव्यों तक वीजा-फ्री पहुंच रखते हैं। दूसरे स्थान पर जापान और साउथ कोरिया हैं, जिनकी पहुंच 187 देशों तक है। तीसरे स्थान पर स्वीडन और यूनाइटेड अरब अमीरात हैं। चौथे स्थान पर फ्रांस ,जर्मनी,इटली ,स्पेन और स्विट्जरलैंड संयुक्त रूप से हैं। पांचवें स्थान पर ऑस्ट्रेया , ग्रीस माल्टा और पोर्टगाल हैं। शीर्ष 10 में ऑस्ट्रेलिया यूनाइटेड किंगडम , कनाडा और न्यूजीलैड भी शामिल हैं। तुलना से स्पष्ट है कि भारत अभी भी शीर्ष देशों से काफी पीछे है। साथियों बात अगर हम दो देशों द्वारा वीजा-फ्री सुविधा समाप्त, यह चिंता का विषय इसको समझने की करें तो रिपोर्ट के अनुसार दो देशों ने भारतीयों के लिए वीजा-फ्री सुविधा समाप्त की, कथित तौर पर कुछ भारतीय नागरिकों की गैरकानूनी गतिविधियों में संलिप्तता के कारण। यह बिंदु आलोचना का आधार बनता है। किसी भी देश की यात्रा स्वतंत्रता केवल सरकार की कूटनीति पर निर्भर नहीं, बल्कि उसके नागरिकों के आचरण पर भी निर्भर करती है,यदि अवैध आव्रजन, ओवरस्टे, या स्थानीय कानूनों का उल्लंघन बढ़ता है, तो संबंधित देश वीजा नियम सख्त कर सकते हैं। इस संदर्भ में भारत को न केवलकूटनीतिक स्तरपर,बल्कि प्रवासी प्रबंधन और जागरूकता स्तर पर भी सुधार की आवश्यकता है। तारीफ के दृष्टिकोण से यह कहा जा सकता है कि दो देशों की कटौती के बावजूद समग्र स्कोर स्थिर या बेहतर रहा, जो दशार्ता है कि अन्य देशों के साथ संबंधों में सुधार ने इस नुकसान की भरपाई की। भारत की ह्यएक्ट ईस्टह्न, ह्यनेबरहुड फर्स्टह्न और अफ्रीका-आउटरीच नीतियों ने यात्रा सहयोग को बढ़ावा दिया है। साथियों बात अगर हम 2006 की सर्वोच्च रैंक क्यों नहींदोहराई गई? इसको समझने की करें तो, भारत ने 2006 में 71वींसर्वोच्च रैंक हासिल की थी।तब वैश्विक भू- राजनीतिक परिदृश्य अलग था। 9/11 के बाद सुरक्षाकड़े हुए थे,परंतु डिजिटल निगरानी और आव्रजन नियंत्रण उतने व्यापक नहीं थे जितने आज हैं। पिछले दो दशकों में अवैध आव्रजन, शरणार्थी संकट, आतंकवाद और मानव तस्करी जैसी चुनौतियों के कारण कई देशों ने वीजा नियम कड़े किए हैं।भारत जैसे जनसंख्या-समृद्ध देश के नागरिकों पर अतिरिक्त जांच लागू होना स्वाभाविक हो गया है। साथियों बातें कर हम आलोचना और तारीफ के दृष्टिकोण से बात को समझने की करें तो भारत की आर्थिक वृद्धि के बावजूद उच्च आय वाले देशों विशेषकर यूरोप और उत्तरी अमेरिका,के साथ वीजा उदारीकरण सीमित रहा है।शेंगेन क्षेत्र,अमेरिका या कनाडा में वीजा प्रक्रिया अभी भी जटिल है। इससे पासपोर्ट की रैंक पर सीधा प्रभाव पड़ता है।तारीफ के दृष्टिकोण से देखें तो 2006 के बाद वैश्विक प्रतिस्पर्धा बढ़ी है। कई छोटे देशों जैसे यूएई ने आक्रामक कूटनीति से अपनी रैंक तेजी से सुधारी है।ऐसे में भारत का स्थिर प्रगति पथ भीमहत्वपूर्ण है। 75वीं रैंक यह संकेत देती है कि भारत गिरावट की लंबी अवधि से बाहर निकल रहा है। साथियों बात अगर हम क्षेत्रीय तुलना और दक्षिण एशिया का संदर्भ के एंगल से समझने की करें तो इंडेक्स में पाकिस्तान 97 वें स्थान पर है,जो पाकिस्तान की वैश्विक गतिशीलता की सीमाओं को दशार्ता है। वह फलेस्तिन (91), नार्थ कोरिया (94) और सोमालिया (96) से भी नीचे है। दक्षिण एशिया में भारत की स्थिति अपेक्षाकृत बेहतर है, लेकिन वैश्विक औसत से अभी भी पीछे है। यह क्षेत्रीय स्थिरता, आर्थिक अवसरों और प्रवासन प्रवृत्तियों से जुड़ा मुद्दा है।पासपोर्ट की अवधारणा और राष्ट्रीय प्रतिष्ठा-पासपोर्ट केवल पहचान पत्र नहीं; यह राष्ट्र की साख का प्रतीक है। जब कोई देश अपने नागरिकों को बिना वीजा प्रवेश देता है, तो वह उस देश की सुरक्षा व्यवस्था,आर्थिक स्थिरता और नागरिकों की विश्वसनीयता पर भरोसा दशार्ता है। इस दृष्टि से भारत की रैंक में सुधार उसकी वैश्विक छवि में क्रमिक सकारात्मक बदलाव को दशार्ता है।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि उपलब्धि भी, चुनौती भी,हेनले पासपोर्ट इंडेक्स 2026 में भारत की 10 पायदान की छलांग प्रशंसनीय है। यह कूटनीतिक सक्रियता,वैश्विक साझेदारियों और आर्थिक स्थिरता का संकेत है। दो देशों द्वारा वीजा-फ्री सुविधा समाप्त किया जाना चेतावनी भी है कि नागरिक आचरण और आव्रजन प्रबंधन पर सतत ध्यान आवश्यक है। 2006 की सर्वोच्च रैंक अब तक न दोहराया जाना यह दशार्ता है कि वैश्विक प्रतिस्पर्धा और सुरक्षा चिंताओं के बीच यात्रा स्वतंत्रता हासिल करना जटिल प्रक्रिया है।तारीफ के एंगल से देखें तो भारत ने गिरावट के दौर से उबरकर स्थिर प्रगति की है और दक्षिण एशिया में अपनी स्थिति मजबूत रखी है। आलोचना के एंगल से देखें तो अभी लंबा रास्ता तय करना बाकी है,विशेषकर विकसित देशों के साथ वीजा उदारीकरण में।इसलिए पासपोर्ट की ताकत केवल सरकार की नीतियों का परिणाम नहीं, बल्कि नागरिकों के वैश्विक व्यवहार,आर्थिक विश्वसनीयता और अंतरराष्ट्रीय विश्वास का संयुक्त प्रतिबिंब है। भारत के लिए यह रैंकिंग एक अवसर भी है और आत्ममंथन का क्षण भी,ताकि आने वाले वर्षों में वह न केवल 2006 की रैंक को पार करे, बल्कि वैश्विक गतिशीलता में एक नई पहचान स्थापित करे।



गोंदिया

# बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन की वैचारिक क्रांति

बांग्लादेश की राजनीति एक बार फिर इतिहास के मोड़ पर खड़ी है। लगभग दो दशकों के लंबे अंतराल के बाद यदि बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) स्पष्ट बहुमत के साथ सत्ता में लौटती है और तारिक रहमान प्रधानमंत्री पद की दावेदारी तक पहुंचते हैं, तो यह केवल सत्ता परिवर्तन नहीं, बल्कि राजनीतिक दिशा परिवर्तन का संकेत होगा। 299 सीटों में से 212 पर विजय का दावा इस बात का प्रमाण है कि मतदाता लंबे समय से चली आ रही अस्थिरता, अंतरिम व्यवस्थाओं और वैचारिक ध्रुवीकरण से बाहर निकलकर एक निर्णायक जनादेश देना चाहता है। छात्र आंदोलन से उपजी नेशनल सिटीजन पार्टी का मात्र छह सीटों पर सिमटना भी इस तथ्य को पुष्ट करता है कि जनभावना प्रयोगधर्मिता से आगे बढ़कर स्थायित्व की ओर झुक रही है। लगभग अठारह महीने से चल रही अंतरिम व्यवस्था के अवसान के साथ बांग्लादेश एक नए अध्याय में प्रवेश करने जा रहा है, पर प्रश्न यह है कि यह अध्याय उदार लोकतंत्र का होगा या किसी नए प्रकार के वैचारिक वर्चस्व का? बांग्लादेश का इतिहास संघर्ष, त्याग और पहचान की जिजीविषा से निर्मित हुआ है। 1971 के मुक्ति संग्राम में भारत की निर्णायक भूमिका केवल सैन्य सहायता तक सीमित नहीं थी, वह सांस्कृतिक और मानवीय सहयोग का भी प्रतीक थी। परंतु पिछले कुछ वर्षों में राजनीतिक ध्रुवीकरण, कट्टरवादी विमर्श और बाहरी प्रभावों ने उस ऐतिहासिक आत्मीयता पर धुंध डालने का प्रयास किया। अंतरिम सरकार के दौरान जिस प्रकार वैचारिक कठोरता और प्रशासनिक असमंजस दिखा, उसने अर्थव्यवस्था और सामाजिक ताने-बाने दोनों को प्रभावित किया। ऐसे समय में स्पष्ट जनादेश को स्थिरता का अवसर माना जा सकता है, बशर्ते सत्ता इसे प्रतिशोध का माध्यम न बनाए, बल्कि पुनर्निर्माण का औजार बनाए। तारिक रहमान के सामने सबसे बड़ी चुनौती सांप्रदायिक सौहार्द की पुनर्स्थापना होगी। बांग्लादेश का सामाजिक ढांचा बहुलतावादी है, वहां अल्पसंख्यक समुदायों की सुरक्षा और सम्मान केवल नैतिक दायित्व नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक विश्वसनीयता की कसौटी है। यदि नई सरकार कट्टरवाद से दूरी बनाकर विकासोन्मुखी एजेंडा अपनाती है, तो वह न केवल आंतरिक स्थिरता ला सकती है, बल्कि दक्षिण एशिया में एक सकारात्मक उदाहरण भी प्रस्तुत कर सकती है। पर यदि चुनावी विजय को वैचारिक वर्चस्व के रूप में प्रस्तुत किया गया, तो यह जनादेश अवसर से अधिक संकट में बदल सकता है। आर्थिक मोर्चे पर बांग्लादेश ने पिछले दशक में



उल्लेखनीय प्रगति की थी। वस्त्र उद्योग, निर्यात वृद्धि और महिला सशक्तिकरण जैसे क्षेत्रों में उसने मिसाल कायम की। किंतु राजनीतिक अस्थिरता और नीतिगत अनिश्चितता ने निवेशकों के विश्वास को झटका दिया। अब नई सरकार के लिए यह अनिवार्य है कि वह आर्थिक सुधारों को गति दे, रोजगार सृजन पर ध्यान केंद्रित करे और विदेशी निवेश के लिए अनुकूल वातावरण बनाए। विकास की ह्लनई गंगाह्न तभी बहेगी जब शासन पारदर्शी, जवाबदेह और समावेशी होगा। केवल नारे या राष्ट्रवाद की तीखी ध्वनियां आर्थिक संकट का समाधान नहीं बन सकतीं। भारत-बांग्लादेश संबंध इस चुनाव के सबसे महत्वपूर्ण आयामों में से एक हैं। दोनों देशों के बीच साझा इतिहास, सांस्कृतिक निकटता और आर्थिक परस्परता है। सीमा प्रबंधन, जल बंटवारा, व्यापार और सुरक्षा सहयोग जैसे मुद्दे परस्पर विश्वास से ही सुलझ सकते हैं। हाल के वर्षों में पाकिस्तान के साथ बढ़ती निकटता और भारत के प्रति संदेहपूर्ण बयानबाजी ने संबंधों में अनावश्यक तनाव पैदा किया। यदि नई सरकार क्षेत्रीय संतुलन की नीति अपनाते हुए भारत के साथ सौहार्दपूर्ण संवाद पुनः स्थापित करती है, तो यह दोनों देशों के हित में होगा। भारत ने बांग्लादेश के निर्माण और विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, उस ऐतिहासिक साझेदारी को भावनात्मक नहीं, व्यावहारिक आधार पर पुनर्जीवित करने की आवश्यकता है। यह भी ध्यान रखना होगा कि दक्षिण एशिया की राजनीति अब केवल द्विपक्षीय समीकरणों तक सीमित नहीं है। चीन की बढ़ती उपस्थिति, अमेरिका की रणनीतिक रुचि और पाकिस्तान की पारंपरिक भूमिका-इन सबके बीच बांग्लादेश को संतुलित कूटनीति अपनानी होगी। यदि नई सरकार वैचारिक आग्रहों से ऊपर उठकर राष्ट्रीय हित को सर्वोपरि रखती है, तो वह क्षेत्रीय शक्ति संतुलन में एक परिपक्व भूमिका निभा सकती है। परंतु यदि विदेश नीति घरेलू राजनीति का विस्तार बन गई, तो अस्थिरता का चक्र फिर दोहराया जा सकता है। इस चुनाव का एक और महत्वपूर्ण संकेत यह है कि बांग्लादेश का मतदाता अब निर्णायकता चाहता है। लंबे समय तक आंदोलन, विरोध और अंतरिम प्रयोगों से थका समाज स्थिर शासन की आकांक्षा रखता है। किंतु स्थिरता केवल बहुमत से नहीं आतीय वह संस्थाओं की मजबूती, न्यायपालिका की स्वतंत्रता और मीडिया की स्वायत्तता से आती है। नई सरकार को यह समझना होगा कि लोकतंत्र केवल चुनाव जीतने का नाम नहीं, बल्कि असहमति को सम्मान देने की संस्कृति का नाम है। यदि विपक्ष को हाशिये पर धकेला गया या आलोचना को देशविरोध का रूप दिया गया, तो लोकतांत्रिक ऊर्जा क्षीण हो जाएगी। बांग्लादेश के लिए यह क्षण आत्ममंथन का भी है। क्या वह अपनी पहचान को केवल धार्मिक राष्ट्रवाद तक सीमित करेगा, या भाषा, संस्कृति और बहुलता की उस विरासत को आगे बढ़ाएगा जिसने उसे जन्म दिया? मुक्ति संग्राम की मूल भावना सामाजिक न्याय और समान अवसर की थी। यदि नई सत्ता उस भावना को पुनर्जीवित करती है, तो यह जनादेश ऐतिहासिक सिद्ध होगा। अन्यथा यह अवसर भी इतिहास की एक और चूकी हुई संभावना बन सकता है। भारत की दृष्टि से भी यह चुनाव महत्वपूर्ण है। नई दिल्ली को प्रतिक्रिया में उतावलापन नहीं, बल्कि धैर्य और कूटनीतिक परिपक्वता दिखानी होगी। पड़ोसी देश की संप्रभुता और जनादेश का सम्मान करते हुए सहयोग का हाथ बढ़ाना ही दीर्घकालिक हित में है। सीमा पार आतंकवाद, अवैध घुसपैठ और तस्करी जैसे मुद्दों पर सख्ती के साथ-साथ आर्थिक और सांस्कृतिक संवाद को भी सुदृढ़ करना होगा। संबंधों में भावनात्मकता के बजाय व्यावहारिकता और पारस्परिक सम्मान की नींव आवश्यक है। अंततः यह चुनाव बांग्लादेश के लिए निर्णायक इसलिए है क्योंकि यह केवल सरकार बदलने का अवसर नहीं, बल्कि शासन की शैली और राष्ट्रीय दिशा तय करने का क्षण है। यदि नई सरकार कट्टरवाद से मुक्त, समावेशी और विकासोन्मुखी नीति अपनाती है, तो वह बांग्लादेश को स्थिरता और समृद्धि के पथ पर अग्रसर कर सकती है। परंतु यदि वह अतीत की कटु स्मृतियों और वैचारिक आग्रहों में उलझी रही, तो जनादेश की सार्थकता संदिग्ध हो जाएगी। बांग्लादेश को अब नई संभावनाओं, नई सोच और नए संकल्पों के साथ आगे बढ़ना है। यही इस चुनाव का संदेश है और यही उसकी वास्तविक परीक्षा भी।



ललित गर्ग

# हर दिन कुछ नया सीखें और खुद को बेहतर बनाने का प्रयास करें: मुजीबुल्लाह

**वेलकम इंडिया**



**संतकबीरनगर।** शनिवार को दी माडर्न पब्लिक स्कूल दुधारा में मोटीवेशनल सेमिनार का आयोजन किया गया। इस दौरान काफी संख्या में लोग मौजूद रहे। विकास खंड सेमरियावां के दी माडर्न पब्लिक स्कूल में शनिवार को मोटीवेशनल सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर मोहम्मद अहमद खान ने कहा कि सफलता की चाबी, कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प में है।ह्न ह्नसपनों को पाने की चाहत, मेहनत को अपना साथी बना लेती है।ह्न ह्नहर सुबह एक नया अवसर है, बस खुद पर विश्वास रखो।ह्न ह्नहार मानने से पहले, एक बार और प्रयास करने की सोचो।ह्नसमय सबसे बड़ा शिक्षक है।₹ - हर अनुभव कुछ सिखाता है। ₹बड़ा सोचो, बड़ा करो।₹ - सफलता विचार से शुरू होता है। ₹गलतियाँ वही करते हैं जो कुछ करने की कोशिश करते हैं।₹ - असफलता भी सीखें। ₹दूसरों के लिए वही करो जो तुम चाहते हो। यही सच्चा मानवतावादी है। सफलता के लिए सबसे अच्छी प्रेरणा स्पष्ट लक्ष्य, कड़ी मेहनत, आत्म-विश्वास और निरंतर प्रयास का मिश्रण है, जिसमें अपनी गलतियों से सीखना, नई चीजें सीखना और एक सकारात्मक मानसिकता बनाए रखना शामिल है; यह सब आपको अपने सपनों को हकीकत में बदलने की शक्ति देता है. कुछ लोग पैसे से प्रेरित होते हैं, तो कुछ नेक कामों से, लेकिन जो भी हो, उसे अपनी राह का हिस्सा बनाना जरूरी है, और सफलता अक्सर उन्हें मिलती है जो इसे पाने में व्यस्त रहते हैं। एएच एग्री. इंटर कालेज उजियार दुधारा के प्रधानाचार्य संजय द्विवेदी ने कहा कि जीवन में सफलता पाने के लिए कड़ी मेहनत, सकारात्मक सोच, आत्म-अनुशासन, निरंतर सीखना, और धैर्य जैसे गुणों का विकास करना जरूरी है, साथ ही असफलता से सीखकर आगे बढ़ना और अपने लक्ष्यों के प्रति समर्पित रहना महत्वपूर्ण है, जिससे आप अपने जीवन को संतुलित रखते हुए सफलता की ओर बढ़ सकते हैं। आप क्या हासिल करना चाहते हैं और उसे पाने के लिए अपना एक लक्ष्य बनाएं, अपने लक्ष्य के प्रति पूरी तरह समर्पित रहें और उसे पूरा करने के लिए ईमानदारी से काम करें। टालमटोल से बचें, ध्यान भटकाने वाली चीजों से दूर रहें और लगातार प्रयास करें, हमेशा आशावादी रहें, अपनी क्षमताओं पर विश्वास करें और नकारात्मकता से बचें।

# जल है तो कल है की अलख जगा रहे हैं जल मित्र डॉक्टर भरत

**वेलकम इंडिया**



**बागपत।** विवेक जैन। ग्राम पंचायत बाघू में उत्तर प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री के पी मलिक और सुरेंद्र प्रधान के सानिध्य में शिक्षाविद एवं समाजसेवी डॉ भरत झा ने ग्राम बाघू के मेधावी बच्चों को शिक्षण सामग्री तथा साटो टैब वितरित किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री के पी मलिक ने उतर प्रदेश के विकास कार्यों और बजट पर भी विस्तार से चर्चा की। डॉ भरत झा ने कहा कि इस साटो टैब का उद्देश्य जल संरक्षण और जल की बचत से संबंधित है। जल है तो कल है को मूलमंत्र मानते हुए कहा कि जल की बचत से हम अपना आने वाला कल सुरक्षित रख सकते हैं। बच्चों और ग्रामवासियों को भी जल बचत जागरूकता अभियान के माध्यम से प्रेरित किया गया। के पी मलिक, सुरेंद्र प्रधान और ग्रामवासियों ने भी इस प्रयास के लिए डॉ भरत झा की जमकर सराहना की। संचालन शेर सिंह गुर्जर ने किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष सूरजपाल गुर्जर, नीरज कौशिक, राकेश जैन, वीरेंद्र दीक्षित, सत्येंद्र मौर्य, जिला पंचायत सदस्य रविन्द्र कुमार, कृष्णपाल, सुभाष चंद समेत विभिन्न ग्राम पंचायतों के प्रधान एवं जन प्रतिनिधि उपस्थित रहे। जल है तो कल है की अलख जगा रहे ह

## आगामी त्यौहार महाशिवरात्रि एवं रमजान माह के दृष्टिगत थाना दुधारा पर आयोजित की गई पीस कमेटी की मीटिंग



**वेलकम इंडिया**

**संतकबीरनगर।** शनिवार को पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अमित कुमार के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक दुधारा अरविन्द्र शर्मा ने आगामी त्यौहार महाशिवरात्रि एवं रमजान माह के दृष्टिगत थाना दुधारा में पीस कमेटी की मीटिंग की गई । जिसमें थाना क्षेत्र के धार्मिक धर्मगुरुओ, संभ्रांत व्यक्तियो ने पीस कमेटी की मीटिंग में भाग लिया । लोगों से शांति व भाईचारे के साथ पर्व मनाने की अपील की गई तथा त्यौहार के दौरान गड़बड़ी पैदा करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही हेतु सख्त हिदायत दिया गया तथा उपस्थित लोगों को भाईचारे के साथ त्यौहार मनाने तथा त्यौहार को सकुशल संपन्न कराए जाने हेतु अपील किया गया। प्रभारी निरीक्षक दुधारा द्वारा बताया गया कि सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की भ्रामक खबर या सांप्रदायिक टिप्पणी न करे। अफवाह फैलाने वालों पर पुलिस द्वारा कड़ी नजर रखी जा रही ह

# शहीद सम्मान समारोह का आयोजन किया गया





**वेलकम इंडिया**

शिकारपुर/बुलंदशहर/ शहीद सम्मान समारोह शिकारपुर तहसील क्षेत्र के गांव सलेमपुर में अवाम विकास मंच के माध्यम से शहीद सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें गांव सलेमपुर के सभी 07 शहीद परिवार जनों को सम्मानित किया गया।इस मौके पर भाकियू के नेता दीपक चौधरी को भी सम्मानित किया गया भाकियू नेता दीपक चौधरी ने बताया कि मेरे दादाजी शहीद मेघराज सिंह ने सन 1965 में भारत पाकिस्तान के युद्ध में अपने अदम साहस,, वीरता एवं रण कौशल से दुश्मन के दांत खट्टे करके अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान दिया था। इस मौके पर हवलदार सुंदर सिंह रिंकू चौधरी राहुल चौधरी जतन प्रधान जी डॉक्टर विजय शिवा चौधरी मनीष कुमार आदि सैकड़ो ग्रामीण मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस पर थाना बखिरा पर पहुंचकर सुनी गयी जनता की समस्याएं, सम्बन्धित को दिये गये आवश्यक दिशा निर्देश



**वेलकम इंडिया**

**संतकबीरनगर।** शनिवार को जिलाधिकारी आलोक कुमार ने सम्पूर्ण समाधान दिवस पर थाना बखिरा पर पहुंचकर पुलिस एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जहां पर फरियादियों से उनकी समस्याओं को मौके पर सुना गया तथा वहां मौजूद संबंधित राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों को मौके पर जाकर शिकायतों का शत प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए। राजस्व और पुलिस विभाग से सम्बन्धित शिकायतों का निस्तारण आपसी सामंजस्य से सुनिश्चित किया जाये, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। तत्पश्चात वहां मौजूद शिकायत पंजिका का निरीक्षण करते हुए निस्तारित हो चुकी शिकायतों के संबंध मे फीडबैक भी लिया गया। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक बखिरा सतीश कुमार सिंह, राजस्व व पुलिस के अन्य अधिकारी / कर्मचारीगण मौजूद रहे ।

## मुरादाबाद में कांवड़ियों का पुलिस ने किया स्वागतमुरादाबाद में कांवड़ियों का पुलिस ने किया स्वागत

**वेलकम इंडिया**

**मुरादाबाद** में शनिवार को पुलिस अफसरों ने थाने के गेट पर पंडाल लगाकर कांवड़ियों का स्वागत किया। एसपी देहात कुमार आकाश सिंह, सीओ ठाकुरद्वारा आशीष प्रताप सिंह और थाना प्रभारी डिलारी कृष्ण कुमार भगेला ने हरिद्वार से जल लेकर आ रहे कांवड़ियों को फूल मालाओं से स्वागत किया और जलपान कराया। इस दौरान राहगीरों, बुजुर्गों, बच्चों और महिलाओं का भी ध्यान रखा गया और उन्हें जलपान कराया गया। पुलिस ने कांवड़ियों को कुशलता पूर्वक अपने गंतव्य तक पहुंचने की कामना की। पुलिस की इस पहल से कांवड़ियों में खुशी और उत्साह देखा गया। पुलिस अफसरों ने थाने के गेट पर पंडाल लगाकर कांवड़ियों का स्वागत किया, जिससे उनकी यात्रा में आसानी हो और वे सुरक्षित रूप से अपने गंतव्य तक पहुंच सकें।

# नगर पंचायत औरंगाबाद में दबंग भूमाफियाओं की पो बारह

**वेलकम इंडिया**



**औरंगाबाद /बुलंदशहर** नगर पंचायत औरंगाबाद में भूमाफियाओं पर शासन प्रशासन का कोई वश नहीं चलता। इसी के चलते अब नगर पंचायत की गाटा संख्या 518 में दबंग भूमाफियाओं ने दिनदहाड़े शासन प्रशासन को खुली चुनौती दी है सरकारी भूमि पर कब्जा करके । प्रदेश भर में सबसे अधिक कुख्यात और भूमाफियाओं की चहेती नगर पंचायत औरंगाबाद में अब दबंग भूमाफियाओं ने गाटा संख्या518 में सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा कर लिया है। एस डी एम सदर से शिकायत किए जाने पर उन्होने नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी को अवैध कब्जा तत्काल हटवाने के निर्देश दिए। अधिशासी अधिकारी ने एक अदने कर्मचारी ओमदत्त को मौके पर भेजकर अपने कर्तव्यों की इतिश्री कर ली। ओमदत्त ने कहा कि अब काम रुकवा दिया गया है। राजस्व विभाग और नगर पंचायत की मिली भगत से सरकारी भूमि पर दबंग भूमाफियाओं द्वारा किए जा रहे अवैध कब्जे रोके नहीं रुक रहे। मामला नोटिस जारी करने, रिश्वतखोरी के जरिए अपना उल्लू सीधा कर शह देने का खेल इस नगर पंचायत में खुलकर खेला जा रहा है। जगह जगह अवैध कब्जे होते हैं शिकायत पर दो चार दिन नोटिस कार्यक्रम आयोजित किया जाता है फिर मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है।

# अयोध्या में चोरी का खुलासा: रूदौली पुलिस ने 24 घंटे में तीन चोरों को दबोचा

**वेलकम इंडिया**




**शुजागंज अयोध्या** कोतवाली रूदौली पुलिस ने आपरेशन त्रिनेत्र की मदद से दुकान में चोरी करने वाले गिरोह को 24 घंटे में बनगांवा मोड के पास से तीन चोरों को गिरफ्तार कर लिया, गिरफ्तार किए गए तीनों चोरों के पास से चोरी किए गए 5900 रुपए बरामद कर न्यायालय भेज दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली रूदौली पुलिस भेलसर टिकैत नगर मार्ग हापा बगिया तिराहा पर स्थित मुर्गे की दुकान से चोरों के गिरोह द्वारा 5900 रुपए चोरी किए गए। चोरी की सूचना पर पुलिस ने आपरेशन त्रिनेत्र की मदद से अथक प्रयास कर 24 घंटे में चोरी की घटना का अनावरण कर तीन चोरों अभिषेक कुमार पुत्र स्व. संतराम निवासी हलियापुर सुल्तान पुर, अमित कुमार पुत्र सीताराम निवासी हलियापुर सुल्तान पुर, हिमांशु कौशल पुत्र राधेश्याम कौशल निवासी हलियापुर सुल्तान पुर को अपराध निरीक्षक शत्रुघ्न यादव चौकी प्रभारी शुजागंज अभिषेक सिंह, उपनिरीक्षक सत्यप्रकाश यादव हेड कांस्टेबल इंद्रेश यादव कांस्टेबल अभिषेक कुमार के साथ बनगांवा मोड से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए तीनों चोरों के पास से चोरी किए गए 5900 रुपए बरामद किया गया, पुलिस ने तीनों को न्यायालय भेज दिया है

# मुरादाबाद में दहेज उत्पीड़न और दुष्कर्म का मामला दर्ज

**वेलकम इंडिया**

■ आरोप है कि 29 जनवरी की रात जब उसका पति घर से बाहर गया हुआ था, तभी उसके ननदोई ने कमरे में घुसकर उसके साथ दुष्कर्म किया

मुरादाबाद के थाना भगतपुर क्षेत्र में एक युवती ने अपने पति पर मारपीट करने और ननदोई पर दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। युवती का विवाह उत्तराखंड के एक गांव निवासी युवक के साथ हुआ था।

आरोप है कि शादी के बाद से ही उसका पति दहेज की खातिर उसके साथ मारपीट करता था, उसे कमरे में बंद कर भूखा-प्यासा रखता था, जिससे वह बीमार हो गई। आरोप है कि 29 जनवरी की रात जब उसका पति घर से बाहर गया हुआ था, तभी उसके ननदोई ने कमरे में घुसकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद वह मायके पहुंची और परिजनों को पूरी घटना बताई। इसके बाद वह अपनी मां के साथ थाना भगतपुर पहुंची। पीड़िता ने आरोपियों के विरुद्ध तहरीर दी, जिस पर भगतपुर पुलिस ने आरोपी मनीस मलिक और सलमान के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की तैयारी में है।

# अनामिका शुगर मिल के कामदार ने घर में फांसी लगाकर दी जान

**वेलकम इंडिया**



**औरंगाबाद/बुलंदशहर** अनामिका शुगर मिल भंडोरिया के एक कामदार ने अपने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। मृतक के शव को लेकर मिल गेट पहुंचे परिजनों ने शव को मिल गेट पर रख कर जोरदार हंगामा शुरू कर दिया। मृतक के परिजनों ने मिल प्रबंधन अधिकारियों पर मृतक का मानसिक उत्पीड़न करने और किसानों से कीटनाशक दवाओं आदि का बकाया वसूली करने के लिए भारी दबाव बनाते हुए नौकरी से निकाल दिए जाने की धमकी देने का भी आरोप लगाया। हंगामे की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। आसपास के तमाम थानों से पुलिस बल मौके पर पहुंचकर स्थिति संभालने में जुट गया। क्षेत्राधिकारी नगर प्रखर पांडे भी मौके पर पहुंचे और लोगों को समझा-बुझाकर शांत करने का प्रयास किया। मिल अधिकारियों ने मृतक आश्रित को नौकरी देने और नियमानुसार आर्थिक सहायता प्रदान करने का आश्वासन देकर जैसे तैसे मामला शांत कराया। मौके पर मौजूद पुलिस बल ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने मोर्चरी भिजवाया। ऐतियात के तौर पर पुलिस बल मिल परिसर में तैनात रहा। औरंगाबाद के टंकी मौहल्ला निवासी शरीफ पुत्र बुंदू मूल निवासी ग्राम भंडोरिया अनामिका शुगर मिल भंडोरिया में बतौर कामदार तैनात थे। शरीफ ने शुक्रवार की रात फांसी लगाकर जान दे दी। सुबह उठते ही परिजनों ने शरीफ को फांसी पर लटका देखा तो कोहराम मच गया।

# रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा छात्राओ को वितरण किया गया हाइजीन किट

**वेलकम इंडिया फतेह खान**

संस्था के पदाधिकारियों द्वारा लगभग 30 बालिकाओं को हाइजीन किड देकर बच्चों को संबोधित किया

रुदौली ( अयोध्या ) इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी शाखा अयोध्या द्वारा डी0आर0एम0जी0डी0वाई0 पब्लिक स्कूल बनगांवा शुजागंज मे इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी अयोध्या के मंडल प्रभारी डॉ अजय मोहन जी के दिशा निर्देश में हाइजीन किट वितरण संपन्न हुआ जिसमें संस्था के पदाधिकारियों द्वारा लगभग 30 बालिकाओं को हाइजीन किड देकर बच्चों को संबोधित किया की रेड क्रॉस सोसाइटी पूरे वर्ल्ड में आपदा के समय सबसे आगे बढ़ -चढ़कर हिस्सा लेती है ।उपस्थित बालिकाओं को रेड क्रॉस के कार्य के बारे में व स्वच्छता के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई अयोध्या जिले में हर आपदा मुसीबत में संस्था और पदाधिकारी मदद के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। इस अवसर पर रुदौली प्रभारी पवन कुमार शर्मा अध्यक्ष श्रवण कुमार गुप्ता प्रवक्ता धर्मेंद्र मिश्रा वरिष्ठ समाजसेवी रामराज हंसराज व विद्यालय परिवार के लोग उपस्थित रहे।

# महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर जीएम कॉलेज द्वारा कावड़ियों हेतु छठा नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित

वेलकम इंडिया



**मथुरा/गोवर्धन।** जीएम नर्सिंग कॉलेज & हॉस्पिटल एवं सेवा भारती ब्रज प्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में शिवरात्रि के पावन अवसर पर कावड़ियों की स्वास्थ्य सेवा के उद्देश्य से छठा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य शिवभक्तों को यात्रा के दौरान त्वरित एवं निःशुल्क चिकित्सा सहायता प्रदान करना रहा।

शिविर में बड़ी संख्या में कावड़ियों एवं स्थानीय श्रद्धालुओं ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया। यात्रा के दौरान होने वाली सामान्य समस्याओं जैसे पैरों में दर्द, छाले, मोच एवं चोट, उल्टी आना, जी घबराना, बुखार, निम्न या उच्च रक्तचाप (बीपी) तथा थकान आदि का मौके पर ही उपचार किया गया। चिकित्सकों की टीम ने प्राथमिक उपचार, आवश्यक दवाइयों का वितरण तथा आवश्यक परामर्श प्रदान किया।

शिविर में ब्लड प्रेशर, शुगर, हीमोग्लोबिन, वजन एवं सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण की व्यवस्था की गई। जिन श्रद्धालुओं को अधिक देखभाल की आवश्यकता थी, उन्हें उचित चिकित्सकीय सलाह देकर आगे की जांच हेतु मार्गदर्शन भी दिया गया। शिविर का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार एवं दीप प्रज्वलन नगर पंचायत चेयरमैन प्रतिनिधि मनीष लंबरदार ब गोवर्धन खंड संचालक आर एस एस श्याम बाबू कौशिक नगर संघचालक गोवर्धन बृजेंद्र शर्मा, जितेंद्र पुरोहित समाजसेवी, हरे कृष्ण प्रोहित के साथ हुआ आयोजन में उपस्थित विशेषज्ञ चिकित्सकों ने बताया कि लंबी पैदल यात्रा, अनियमित खानपान और मौसम परिवर्तन के कारण कावड़ियों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। ऐसे में समय पर उपचार एवं सावधानी अत्यंत आवश्यक है जीएम नर्सिंग कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने पंजीकरण, प्राथमिक जांच, दवा वितरण एवं मरीजों को उपचार कक्ष तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विद्यार्थियों ने सेवा भाव, अनुशासन और समर्पण के साथ कार्य करते हुए समाज सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। इस अवसर जी एम हॉस्पिटल में मेडिकल डायरेक्टर डॉ अभिषेक चौधरी डॉ ललित कॉलेज के प्रधानाचार्या चंचल, उप-प्रधानाचार्य विशाल सिंघल, कन्हैया सैनी, सागर शर्मा, कोमल, नेहा, गुरुदेव रामकुमार सैनी, मनोज समाधिया, बलराम सहित समस्त स्टाफ एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# विश्व प्रसिद्ध लठामार होली की तैयारियों के सम्बन्ध में मण्डलायुक्त और पुलिस उपमहानिरीक्षक ने किया निरीक्षण

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** मंडलायुक्त नगेन्द्र प्रताप, पुलिस उपमहानिरीक्षक शैलेश कुमार पाण्डेय, जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने नगर पंचायत बरसाना में आयोजित विश्व प्रसिद्ध लडडू होली तथा लठामार होली की तैयारियों के सम्बन्ध में निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त ने निर्देश दिए कि मंदिर के समस्त आवागमन मार्गों की उत्कृष्ट साज-सज्जा तथा दीवारों पर थीम आधारित वॉल पेंटिंग की जाए। उन्होंने कहा कि संपूर्ण मेला क्षेत्र लाइटिंग से जगमग होना चाहिए। मंडलायुक्त ने रंगीली चौक, कटारा चौक, लाडो गेट, सुदामा चौक, श्री राधा रानी जी मंदिर को जोड़ने वाले समस्त मार्गों व गलियों तथा प्रवेश व निकास द्वारों का जायजा लिया। और कहा कि अवैध होर्डिंग को हटाए, समस्त ट्रांसफार्मर एवं विद्युत के खंभों पर प्लास्टिक रैपिंग सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि पर्वों से पूर्व प्रमुख मार्गों, स्थलों, चौक एवं चौराहों को सजाए, बरसाना क्षेत्र को झालर, लाइटिंग, फसाड आदि के माध्यम से आकर्षक बनाए। मंडलायुक्त जी ने कहा कि जो भी श्रद्धालु, पर्यटक एवं दर्शनार्थी बरसाना आए वह एक नई पहचान लेकर जाए। ड्रेन का निरीक्षण कर सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि अतिशीघ्र व्यापक स्तर पर ड्रेन की सफाई सुनिश्चित करे। उन्होंने लोक निर्माण विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों का अवलोकन किया, जिसमें सड़कों का चौड़ीकरण एवं गढ्ढामुक्ति का कार्य प्रगति में था। पुलिस उपमहानिरीक्षक ने सुरक्षा व्यवस्था के सम्बंध में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं एसपी ग्रामीण को निर्देश दिए कि सीसीटीवी कैमरे एवं कंट्रोल रूम के माध्यम से सम्पूर्ण मेला क्षेत्र की निगरानी सुनिश्चित करें। आवश्यकता अनुसार नए सीसीटीवी कैमरे स्थापित कराए, असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर बनाए रखे, अफवाह फैलाने वालों पर तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करें तथा ड्रोन के माध्यम से मेला क्षेत्र की नियमित समीक्षा करते रहे। बैरियर पर पर्याप्त पुलिस बल, कर्मचारियों की ड्यूटी लगाए जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी को बरसाना मेला क्षेत्र में उत्कृष्ट साफ सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि श्रद्धालुओं को सरल, सुगम, सुदृढ़ दर्शन उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है

निरीक्षण में उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के मुख्य कार्यपालक अधिकारी सूरज पटेल, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व डॉ0 पंकज कुमार वर्मा, एसपी ग्रामीण सुरेश चंद्र रावत, उप जिलाधिकारी गोवर्धन प्राजक्ता त्रिपाठी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# बोर्ड परीक्षाओं में नकल किसी भी कीमत पर नहीं होगी बर्दाश्त

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा को नकल विहीन व सुचितापूर्ण संपन्न कराने के लिए शासन द्वारा सहायक निदेशक समग्र शिक्षा उत्तरप्रदेश मनोज कुमार वर्मा को मथुरा जनपद का पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। पर्यवेक्षक मनोज कुमार वर्मा ने बताया कि परीक्षाओं में नकल किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं होगी। जनपद को 5 जोन व 14 सेक्टरों में विभक्त किया गया है। परीक्षा के लिए प्रशासन द्वारा 5 जोनल मजिस्ट्रेट, 14 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 119 स्टैटिक मजिस्ट्रेट तथा 119 केन्द्र व्यवस्थापकों की ड्यूटी लगाई गई है। उन्होंने बताया कि परीक्षाएं 18 फरवरी से 12 मार्च तक जनपद के 119 केंद्रों पर आयोजित होगी। परीक्षा की प्रथम पाली प्रातः 8.30 बजे से 11.45 बजे तक तथा दूसरी पाली दोपहर 2 बजे से शाम 5.15 बजे तक आयोजित होंगी। उन्होंने बताया कि हाईस्कूल की परीक्षा हेतु बालक 19161 तथा बालिका 16027, कुल 35188 है। इंटरमीडिएट परीक्षा हेतु बालक 20768 तथा बालिका 14213, कुल 34981 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा हेतु 11 राजकीय, 73 सहायता प्राप्त तथा 35 वित्त विहीन केंद्र है। जनपद में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जिसका संपर्क नंबर 9454457564 है। संवेदनशील व अतिसंवेदनशील परीक्षा केन्द्रों पर सशस्त्र पुलिस बल की पर्याप्त व्यवस्था रहेगी।

# बरसाना के सुदामा चौक को अतिक्रमण से मिली मुक्ति

वेलकम इंडिया

**मथुरा/गोवर्धन।** विश्वविख्यात लठामार होली से पहले प्रशासन का सबसे बड़ा फोकस इस बार बरसाना के हृदय स्थल सुदामा चौक पर रहा। वर्षों से अतिक्रमण के बोझ तले कराहता यह चौक आखिरकार आधी रात चली जेसीबी की गर्जना के साथ ह्यमुक्तह्न हो गया। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ और परिक्रमा मार्ग के दबाव के कारण सुदामा चौक लंबे समय से संकरा हो चुका था। नालियों से बाहर निकले चबूतरे, दुकानों के बढ़े छज्जे, अवैध शोकेस और बाउंड्रीवाल के कारण यहां हर पर्व पर जाम और धक्का मुक्की की स्थिति बनती थी। स्थानीय लोग भी वर्षों से समाधान की मांग कर रहे थे, लेकिन कार्रवाई टलती रही। शुक्रवार देर रात प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए दो किलोमीटर क्षेत्र में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया, जिसमें सुदामा चौक केंद्र में रहा। एसडीएम गोवर्धन प्रजाक्ता त्रिपाठी के नेतृत्व में सीओ अनिल कुमार सिंह, अधिशासी अधिकारी डॉ. कल्पना बाजपेयी और थाना प्रभारी अश्वनी कुमार की मौजूदगी में बुलडोजर ने सुदामा चौक से नया बस स्टैंड तक अतिक्रमण पर सीधा प्रहार किया। नगर पंचायत की ओर से पूर्व में नोटिस जारी किए गए थे, लेकिन अनुपालन न होने पर प्रशासन ने कार्रवाई का रास्ता चुना।

# एडीजी अनुपम कुलश्रेष्ठ ने की गिरिराज जी की परिक्रमा



वेलकम इंडिया

**मथुरा/गोवर्धन।** ब्रज की आस्था के केंद्र गोवर्धन में शनिवार को आध्यात्मिक माहौल उस समय विशेष हो गया, जब आगरा जोन की अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) अनुपम कुलश्रेष्ठ ने पावन गिरिराज जी की सात कोस की परिक्रमा पूर्ण की। एडीजी ने गिरिराज महाराज का दुग्ध अभिषेक कर विधिवत पूजा-अर्चना की और आशीर्वाद प्राप्त किया। परिक्रमा के दौरान अंशु कौशिक ने उन्हें गिरिराज जी के महत्व, परिक्रमा की परंपरा और ब्रज की आध्यात्मिक महत्ता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी अनिल कुमार सिंह, थाना प्रभारी निरीक्षक भगवत सिंह गुर्जर, दीपक अग्रवाल, सजल अग्रवाल, मुकुट बिहारी कौशिक, देवेश सोनी और संदीप सोनी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# काशीराम बस्ती का हिन्दू सम्मेलन आयोजित, भारत पुन: विश्वगुरु बनेगा

वेलकम इंडिया




**मथुरा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र प्रचारक महेंद्र शर्मा ने रिफाइनरी नगर की काशीराम बस्ती के हिन्दू सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि भारत हिंदुओं का देश है, यहां अन्य लोग रह सकते हैं, मगर यह देश हिंदुओं का ही कहलायेगा। भारत में जितनी भी चीजें आगे बढ़ाएंगे उसका दायित्व भी हिंदुओं का है। बीबीआर इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित हिन्दू सम्मेलन के मुख्य वक्ता महेंद्र शर्मा क्षेत्र प्रचारक ने कहा कि हम लोगों को संगठित होना चाहिए और संगठित भी लोहे की फुटबॉल की तरह होना होगा। हिंदू संगठित होंगे तो कोई भी हमारी तरफ आंख उठाकर भी नहीं देख सकता। हिंदुओं को शेर की तरह शक्तिशाली बनना होगा। उन्होंने आगे कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ हिंदू संगठन की बात करता है। हम संरक्षित होंगे तो हमारा भारतवर्ष समर्थ होगा। हम संगठित होंगे तो हमारा भारतवर्ष पुनः विश्वगुरु बनेगा। क्षेत्र प्रचारक ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को समझना है तो पहले संघ की शाखा में आना होगा, तभी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को समझा जा सकता है। मुख्य अतिथि परम पूज्य पीठाधीश्वर सद्गुरु ऋतेश्वर जी महाराज में ने कहा कि हिंदू समाज को जागृत करने के लिए मातृशक्ति और युवा वर्ग आगे आए। उन्होंने कहा कि अपने बच्चों का भविष्य बनाना है, परिवार सुरक्षित रहना है तो देश को सुरक्षित रखना होगा। बच्चों, परिवार और देश को सुरक्षित करने के लिए लिए कोई साधु संत या राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नहीं आएगा उसके लिए आपको स्वयं आगे आना होगा। उन्होंने कहा कि देश के अंदर फैल रही विभाजित करने की गतिविधियों को तोड़ना होगा। अगर देश सुरक्षित रहेगा तो हिंदू सुरक्षित रहेगा। उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान में हिंदू हुआ करते थे, लेकिन अब समाप्त हो गए। पाकिस्तान में मंदिरों में पूजा होती थी, अब धीरे-धीरे करके मंदिर तोड़ दिए गए। अब वही स्थिति बांग्लादेश में है। हिंदुओं पर अत्याचार की घटनाएं बढ़ती जा रही है। बहन- बेटियां सुरक्षित नहीं हैं, लेकिन अब आप सबको एकजुट होने की जरूरत है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ हिंदुओं को जागरूक करने के लिए सौ वर्ष से निरंतर काम कर रहा है।

# लखनऊ में प्रो. अभिषेक मिश्रा से मिले गढ़मुक्तेश्वर के समाजवादी नेता आशुतोष शर्मा, विधानसभा को लेकर हुआ मंथन

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह



**लखनऊ।** गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा क्षेत्र के समाजवादी नेता आशुतोष शर्मा ने लखनऊ पहुंचकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव, राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रोफेसर अभिषेक मिश्रा से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा क्षेत्र की राजनीतिक स्थिति, संगठन की मजबूती तथा आगामी विधानसभा चुनाव की रणनीति को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया ।मुलाकात के बाद आशुतोष शर्मा ने बताया कि प्रोफेसर अभिषेक मिश्रा के साथ सकारात्मक एवं सार्थक चर्चा हुई, जिसमें क्षेत्र से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर बात हुई और समाजवादी पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूत करने की रणनीति बनाई गई। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा में किए गए कार्यों की रिपोर्ट भी प्रो. मिश्रा को सौंपी गई तथा भविष्य की दिशा को लेकर मार्गदर्शन प्राप्त किया गया ।प्रोफेसर अभिषेक मिश्रा ने संगठन को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में और अधिक सशक्त करने तथा समाजवादी विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने पर जोर दिया। साथ ही ब्राह्मण समाज को जोड़ने और क्षेत्र में पार्टी की सक्रियता बढ़ाने के लिए भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए ।उन्होंने कहा कि समाजवादी सरकार के कार्यकाल में सभी वर्गों के लिए समान रूप से विकास कार्य किए गए थे और वर्ष 2027 में पुनः अखिलेश यादव के नेतृत्व में सरकार बनने की संभावना मजबूत है। उन्होंने विश्वास जताया कि पूर्व की भांति विकास और जनकल्याण की योजनाओं को आगे बढ़ाया जाएगा।

# दो दिवसीय मीना मंच कार्यशाला का हुआ समापन

वेलकम इंडिया,टाण्डा।



**ब्लॉक भगतपुर-टाण्डा** के कम्पोजिट विद्यालय जाहिदपुर में संचालित दो दिवसीय मीना मंच और पॉवर एंजिल के सशक्तीकरण, नेतृत्व क्षमता और जीवन कौशल शिक्षा को विकसित करने के उद्देश्य से संचालित दो दिवसीय कार्यशाला का शनिवार को समापन हो गया। इसमें बालिकाओं के आत्मविश्वास व नेतृत्व क्षमता को बढ़ाने पर विशेष बल दिया गया। खंड शिक्षा अधिकारी मोहित कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यशाला में संदर्भदाता नवनीत बिश्नोई एवं जितेंद्र कुमार ने शिक्षिकाओं को मीना मंच के उद्देश्यों की विधिवत जानकारी दी। संदर्भदाता जितेंद्र कुमार ने मीना मंच के संचालन में आने वाली प्रमुख चुनौतियों एवं उनके समाधान पर प्रकाश डाला। गत वर्ष के प्रोजेक्ट पॉडकास्ट, कॉमिक बुक निर्माण, प्रगति के पंख, अरमान मॉड्यूल, वार्षिक कार्यक्रम एवं सोशल एक्शन प्रोजेक्ट के अनुभव साझा करते हुए प्रभावी तरीके बताए। संदर्भदाता नवनीत बिश्नोई ने यौन अपराधों की परिभाषाएं, श्रेणियां, रिपोर्टिंग की अनिवार्यता एवं संरचनात्मक उपायों को फिल्म एवं उदाहरणों के माध्यम से समझाया। उन्होंने शिक्षक की भूमिका को बाल सुरक्षा की संस्कृति में शामिल करने पर ग्रुप चर्चा के जरिए विस्तार से बताया ।कार्यशाला में बताया गया कि प्रत्येक शनिवार परियोजना के वार्षिक कैलेंडर के अनुसार पावर एंजेल के सहयोग से मीना मंच का संचालन अनिवार्य है। टूल-10 भरने की अनिवार्यता, तकनीकी समस्याओं का समाधान, कॉमिक/पुस्तक निर्माण के टिप्स, लैंगिक समावेश, विश्वास निर्माण एवं व्यवहार परिवर्तन जैसे अहम बिंदुओं पर चर्चा हुई। अरमान मॉड्यूल के कंटेंट से प्रतिभागियों को परिचित कराया गया ।समापन पर प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित कर संकल्प दिलाया गया। एआरपी सुमन ने प्रतिभागियों से अपने विद्यालय व समाज में प्रशिक्षण के उद्देश्य को धरातल पर अप्लाई करने का आह्वान किया।

# ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में भाकियू एकता शक्ति की बैठक, विकास कार्य तेज करने की मांग

वेलकम इंडिया

**गौतम बुद्ध नगर।** गौतम बुद्ध नगर स्थित ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में भारतीय किसान यूनियन एकता शक्ति के वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में संगठन की ओर से प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेश अमरीश चौहान, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री अक्षीत शर्मा, राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा उदय कुमार, जिला अध्यक्ष युवा गौतम बुद्ध नगर संजीव नायक सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। वहीं प्राधिकरण की ओर से ओएसडी गिरीश झा एवं प्रोजेक्ट हेड/जनरल मैनेजर ए.के. सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे ।बैठक के दौरान पूर्व में दिए गए ज्ञापनों एवं लंबित मांगों की विस्तृत समीक्षा की गई। प्राधिकरण अधिकारियों ने अवगत कराया कि संबंधित विभागों से आवश्यक तैयारियां एवं औपचारिकताएं पूर्ण कर ली गई हैं तथा शीघ्र ही टेंडर प्रक्रिया पूरी कर विकास कार्य प्रारंभ कर दिए जाएंगे। प्रमुख रूप से कासना नटकी मढ़ैया क्षेत्र के गांवों में मूलभूत सुविधाओं के विकास कार्य एवं अन्य गांवों के लंबित कार्य प्राथमिकता में शामिल किए गए हैं ।प्रदेश अध्यक्ष अमरीश चौहान ने अधिकारियों को सख्त शब्दों में कहा कि ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण क्षेत्र के विकास से पीछे नहीं हट सकता। चूंकि प्राधिकरण अधिसूचित गांवों के विकास का प्रमुख एवं एकमात्र माध्यम है, इसलिए उसकी जिम्मेदारी है कि सभी गांवों में समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से विकास कार्य सुनिश्चित किए जाएं। पंचायती चुनाव नहीं होने के दृष्टिगत विकास कार्यों में तेजी लाना अथॉरिटी की नैतिक एवं प्राथमिक जिम्मेदारी है।



# महाशिवरात्रि पर चाक-चौबंद सुरक्षा, ब्रजघाटझ्रगंगाघाट का अधिकारियों ने किया निरीक्षण

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

**हापुड़,** महाशिवरात्रि पर्व को लेकर श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट दिखाई दिया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी गढ़मुक्तेश्वर सतुति सिंह ने थाना गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र अंतर्गत ब्रजघाट एवं गंगाघाट का स्थलीय निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया ।निरीक्षण के दौरान घाटों पर तैनात पुलिस बल की ड्यूटी व्यवस्था, बैरिकेडिंग, भीड़ नियंत्रण, सीसीटीवी निगरानी तथा यातायात प्रबंधन की बारीकी से समीक्षा की गई। क्षेत्राधिकारी सतुति सिंह ने ड्यूटी पर मौजूद पुलिसकर्मियों को सतर्क रहकर श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। प्रशासन की ओर से बताया गया कि महाशिवरात्रि के अवसर पर संभावित भीड़ को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। साथ ही आपात स्थिति से निपटने हेतु आवश्यक संसाधन एवं व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित कर ली गई हैं, ताकि पर्व शांतिपूर्ण और सुरक्षित वातावरण में संपन्न हो सके।

# महाविद्यालय में पुलवामा शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि: छात्राओं व प्रवक्तागण ने रखा दो मिनट का मौन

संदीप तिवारी

**मिजार्मुराद कछवारोड़।** गौर गांव (मिजार्मुराद) स्थित स्व.वंशनारायण सिंह महिला महाविद्यालय में शनिवार को पुलवामा आतंकी हमले में शहीद जवानों की स्मृति में एक श्रद्धांजलि कार्यक्रम रखा गया।कार्यक्रम में शहीद जवानों को श्रद्धांजलि देने के बाद समस्त छात्राओं व प्रवक्तागण द्वारा कैंडल जलाकर दो मिनट का मौन रखा गया।महाविद्यालय के प्रबंधक एवं वरिष्ठ भाजपा नेता संजीव सिंह गौतम ने 14 फरवरी 2019 को जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में हुए आतंकी हमले की पृष्ठभूमि, भारत की आतंकवाद विरोधी नीति और सशस्त्र बलों के बलिदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पुलवामा जैसी घटनाओं ने देश की सामूहिक चेतना को झकझोर दिया है और युवा पीढ़ी को राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े विषयों को गंभीरता से समझना






चाहिए।कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. संगीता सिंह ने की।उन्होंने शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि राष्ट्र की अखंडता और संप्रभुता की रक्षा में सैनिकों का योगदान अमूल्य है, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता।इस अवसर पर सचिव योगेश सिंह, प्रवक्ता डॉ. आशुतोष उपाध्याय, प्रशासनिक अधिकारी अभिषेक त्रिपाठी 'सुमित', डॉ. अंजना सिंह,डॉ. विजय सिंह, गौरव उपाध्याय, मुकेश यादव, स्नेहा मिश्रा, राजेश सिंह, अमृता सिंह, वीरेंद्र विश्वकर्मा, रामजी यादव समेत समस्त स्टॉप व छात्राएं मौजूद रहे।

# पूर्व माध्यमिक विद्यालय में लगा शिक्षा चौपाल संपन्न

संदीप तिवारी

**कछवारोड़।** सेवापुरी ब्लॉक के पूर्व माध्यमिक विद्यालय ठठरा के प्रांगण में शनिवार को शिक्षा चौपाल सह वार्षिकोत्सव संपन्न हुआ।कार्यक्रम का शुभारंम्भ खण्ड शिक्षा अधिकारी सेवापुरी संजय कुमार यादव व विशिष्ट अतिथि रमेश सिंह भाजपा किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष द्वारा मां सरस्वती के फोटो पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वल से किया गया।

बच्चों ने मनमोहन सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर न्याय पंचायत के सभी परिषदीय स्कूलों में विभिन्न विधाओं के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।मुख्य अतिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी सेवापुरी संजय कुमार यादव द्वारा रोशनी बिन्द को मीना मंच के जिला स्तरीय प्रतियोगिता में मण्डल स्तर के लिए क्वालीफाई करने पर तथा सितांजली पटेल को जिला स्तरीय राष्ट्रीय आविष्कार अभियान




क्विज प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।'नन्ही कली' के जिला स्तरीय 'तूफान कप' फुटबॉल प्रतियोगिता में पूर्व माध्यमिक विद्यालय ठठरा के 12 छात्राओं को तृतीय स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। तूफान गेम एथलेटिक्स में कम्पोजिट स्कूल चित्रसेनपुर की 4 छात्राओं खुशी यादव, रिया यादव, नैंसी पाल व प्रीति प्रजापति को नेशनल गेम मुम्बई के लिए क्वालीफाई करने के लिए सम्मानित किया गया।स्टार आफ द ईयर टीचर डॉ० उमाशंकर वर्मा व स्टार आफ द ईयर स्टूडेंट कक्षा 8 के छात्र श्लोक कुमार भारती को दिया गया।इस अवसर पर शिक्षक काशीनाथ यादव, शशिकान्त दुबे, पूर्व प्रधान सियाराम केशर, राकेश कुमार बिन्द, रमेश सिंह, अरविन्द कुमार, कल्पना श्रीवास्तव, अब्दुर्रहमान, रेनू गुप्ता सहित दो दर्जन अभिभावक मौजूद रहे।कार्यक्रम का कुशल संचालन ढछउ मेम्बर डॉ० आलोक त्रिपाठी ने किया।कार्यक्रम के सकुशल सम्पन्न होने पर नोडल शिक्षक संकुल चन्द्रबली पटेल ने सभी शिक्षकों अभिभावकों व बच्चों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

# तीन दिवसीय निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन



वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**नूरपुर।** स्योहारा रोड़ स्थित आर आर पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। हयात आई केयर एंड आप्टिकल नूरपुर ?के तत्वाधान में आयोजित निःशुल्क नेत्र चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया। तीन दिवसीय निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में वरिष्ठ चिकित्सक जीशान अहमद के नेतृत्व में?? अब्दुल मन्नान रमसा हयात आदि चिकित्सकों ने स्कूल के 1161 छात्र-छात्राओं की आंखों की जांच की गई और देखभाल के सुझाव दिए गए। शिविर में छात्रों की आंखों में देखने की क्षमता की जांच के दौरान जिन छात्रों में जो दृष्टि दोष पाया गया उसको उसी हिसाब से चश्मा का सुझाव देते हुए उनके लिए लेंस नंबर की जानकारी दी गई। इस मौके पर स्कूल के प्रधानाचार्य प्रणय मनु गुप्ता ने कहा कि इस शिविर का मूल उद्देश्य समय-समय पर छात्रों को नेत्र समस्या से किसी प्रकार की कोई समस्या न हो इसके प्रति जागरूक करना है। क्योंकि आंखें मानव के लिए अमूल्य धरोहर होती है,इसकी देखभाल करना हम सब का परम कर्तव्य है। वरिष्ठ चिकित्सक जीशान अहमद ने कहा कि अधिकांश बच्चों की आंखों में एलर्जी व धूल मिट्टी से संक्रमण पाया गया। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन शिक्षा के दौरान बच्चों में अधिक मोबाइल के प्रयोग से हल्का संक्रमण पाया जा रहा है और मौसम बदलाव से भी आंखों में एलर्जी भी पाई गई है।चिकित्सक की सलाह पर ली गई सामान्य दवाओं से दो-तीन दिन में ठीक हो जाता है। हालांकि सतर्क रहना बेहद जरूरी है। इस मौके पर उप प्रधानाचार्य टीकम सिंह, चंचल कटारिया, जीवन सिंह, कपिल कुमार, शिवांगी चौहान संजीव डबास, गौरव चौहान, अजय कुमार, प्रीति चौहान, रीतू रानी आदि का सहयोग रहा।

# फेडरेशन फॉर न्यू स्टेट्स, नई दिल्ली के बैनर तले, दिल्ली के जंतर-मंतर पर एक धरना दिया गया

एहसान अंसारी

**नई दिल्ली:** शनिवार को दिल्ली के जंतर मंतर पर फेडरेशन के जनरल सेक्रेटरी श्री कमलेश झा ने बताया कि उत्तरआंध्रा , बुंदेलखंड,पश्चिम प्रदेश, , मिथिला, रायलसीमा, कोंगुनाडु, तुलुनाडु, कोडावलैंड, कोंकण, विदर्भ, खानदेश, आदिवासी प्रदेश, सौराष्ट्र, मरुप्रदेश, जम्मू, लद्दाख, बघेलखंड, बुंदेलखंड, पूर्वांचल, कोसल प्रदेश, गोरखालैंड, कामतापुर, बोडोलैंड और टिपरालैंड से सैकड़ों राजनीतिक पार्टियों, एसोसिएशन और प्रतिनिधियों ने इस विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लिया। श्री राम किशन सिंह तोमर (बाबा जी) ने बताया कि स्वर्गीय जॉर्ज फर्नांडिस, अजीत सिंह और शिबू सोरेन ने फेडरेशन प्रेसिडेंट के तौर पर छोटे राज्यों को बनाने के लिए काम किया। उन्होंने मांग की कि केंद्र सरकार जल्द ही स्टेट्स री-




ऑर्गनाइजेशन कमीशन बनाए और छोटे राज्य बनाए। फेडरेशन के वाइस प्रेसिडेंट और उत्तरांध्र पार्टी के फाउंडर, रिटायर्ड कफर ऑफिसर श्री मेट्टा रामा राव गारू ने केंद्र से देश के तेज विकास के लिए भारत को 50 राज्यों का यूनियन बनाने की मांग रखी। बुंदेलखंड राष्ट्र समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण पांडेय ने कहा कि बुंदेलखंड की अनदेखी अब किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं की जाएगी। पृथक बुंदेलखंड राज्य हमारा अधिकार है, कोई दया नहीं। कर्नल सुधीर चौधरी, केन्द्रीय महासचिव, पश्चिम प्रदेश निर्माण संयुक्त मोर्चा द्वारा पश्चिम उत्तर प्रदेश के सत्ताईस जिलों को मिलाकर पश्चिम प्रदेश बनाने की बात कही गई क्योंकि वर्तमान में उत्तर प्रदेश 25 करोड़ आबादी का प्रदेश है जो हर तरीके से पिछड़ा हुआ है। इसके पुनर्गठन की मांग बुंदेलखंड एवं पूर्वांचल के रूप में भी पिछले बीस वर्षों से ज्यादा समय से लगातार हो रह इस पर सरकार को तुरंत कार्रवाई करते हुए देश के विकास में और जनहित में कदम बढ़ाना चाहिए।

# पुलिस ने किया क्षेत्र में गश्त



संदीप तिवारी

**कछवारोड़।** मिजार्मुराद पुलिस शनिवार की रात शिवरात्रि के पूर्व संध्या पर कछवांरोड बाजार, कछवां-कपसेठी मार्ग समेत क्षेत्र में पुलिस कर्मियों के साथ भम्रण कर सभी को सुरक्षा को एहसास दिलवाया।मिजार्मुराद थाने के कार्यवाहक थानाध्यक्ष मधुसूदन त्रिपाठी ने बताया कि अधिकारियों के आदेश पर शिवरात्रि के पूर्व क्षेत्र में भम्रण किया जा रहा है वही क्षेत्र में जिन दुकानों पर सीसीटीवी कैमरे नही लगे है उन दुकानदारों को सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए कहां गया है।इस दौरान कछवांरोड चौकी प्रभारी रामचंद्र यादव, एसआई राम मिलन यादव, एसआई महेंद्र सरोज, कांस्टेबल रवि रंजन समेत अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# 15 लोगों पर लगा मारपीट और फायरिंग करने का आरोप

**मुरादाबाद** के ग्राम लालपुर पुरोहित निवासी एक व्यक्ति ने 15 आरोपियों पर मारपीट व फायरिंग करने का आरोप लगाया है। पुलिस के मामले में तबज्जों न लेने पर पीड़ित कोर्ट पहुंवा, जहां शनिवार को अदालत के आदेश पर पुलिस ने 15 आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अफजाल हुसैन ने बताया कि भोजपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सिरसवां गौड़ में उसकी जमीन है, जिस पर उसने टीनशेड डालकर औद्योगिक कार्य से संबंधित सामान रखा हुआ था। आरोप है कि 28 सितंबर 2025 को जब वह अपनी जमीन पर पहुंचा तो लोहे के गेट के ताल टूटे मिले। जानकारीकरने पर पता चला कि कुछ आरोपियों ने सामान चोरी कर लिया, इसके बाद उसने तीन अक्तूबर को पुलिस से इसकी शिकायत की थी। आरोप है कि शिकायत करने से नाराज आरोपियों ने पांच अक्तूबर की शाम भगतपुर क्षेत्र के गोकलनगर के पास आम के बाग की पुलिया पर उसका रास्ता रोक लियाऔर उस पर तमंचे से फायर किया व इसके बाद आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की और उसकी बाइक क्षतिग्रस्त कर दी। इस मामले में अफजाल हुसैन ने कोर्ट में आरोपियों के विरुद्ध प्रार्थना पत्र दिया। कोर्ट से मिले आदेश के बाद भगतपुर पुलिस ने आरोपी राशिद, असीम, इरशाद राजा, अयूब राजा, मोहम्मद रजा, स्माइल सुभान, यामीन, हमजा, निजाम, मेहदी हसन, असगर, नन्हे, फुर्सत अली नासिर सहित तीन अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है।

# चोरी हुई 36 बोरी गेहूं सहित 4 शातिर चोर गिरफ्तार, टाटा ऐस बरामद

वेलकम इंडिया

**जहाँगीराबाद।** स्वाट टीम व कोतवाली जहांगीराबाद पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए 04 शातिर चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की गई 36 बोरी गेहूं तथा चोरी किये गेहूं को लादकर ले जाने वाली टाटा ऐस वाहन को बरामद किया है जानकारी के अनुसार आरोपियों को ग्राम पीपेरा रोड क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। जिनके पास से 36 बोरी गेहूं तथा टाटा ऐस गाड़ी संख्या वढ 16 ऋळ 7078 बरामद हुई है, जिसका उपयोग चोरी की वारदात में किया गया था। बता दें कि बीती 7 फरवरी 2026 को कोतवाली क्षेत्र में स्थित मुन्ना जी एंड सन्स फर्म से गेहूं की बोरियां चोरी हुई थीं।

इस संबंध में मुकदमा अपराध




संख्या 53/26 धारा 305 बीएनएस के तहत मामला पंजीकृत किया गया था। पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए घटना का खुलासा कर सभी आरोपियों को दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान जबर सिंह, उदयवीर सिंह, रंजीत निवासी गांव नट नगला, थाना जहांगीराबाद तथा बंटी निवासी कासना की मडैया, थाना कासना, जनपद गौतमबुद्धनगर के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक मुख्य आरोपी जबर सिंह, उदयवीर सिंह और रंजीत के खिलाफ पूर्व में भी चोरी, आर्म्स एक्ट और गैंगस्टर एक्ट के कई मुकदमे दर्ज हैं, जिससे इनके शातिर अपराधी होने की पुष्टि होती है। थाना जहांगीराबाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है।

# प्राथमिक विद्यालय में मनाया गया वार्षिकोत्सव

संदीप तिवारी

***मिजार्मुराद कछवारोड़।*** सेवापुरी ब्लॉक के खालिसपुर गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय में शनिवार को वार्षिकोत्सव का कार्यक्रम छात्र-छात्राओं द्वारा बड़े ही धूमधाम से मनाया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जीवा इंटरनेशनल स्कूल के प्रबंधक विनोद तिवारी द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्वलन कर किया गया।कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति गीतों, नृत्य, डांडिया एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

मुख्य अतिथि विनोद तिवारी ने छात्रों को सफलता के टिप्स दिए उन्होंने कहां कि आप पड़ेंगे तो अपने विद्यालय परिजन, गांव एवं देश का नाम रोशन करेंगे और समाज का विकास होगा आप आने वाले कल



के भविष्य है।

विद्यालय के प्रधानाचार्य तेज बहादुर शुक्ला ने आए हुए अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया।इस मौके पर संकुल प्रभारी राजेश कुमार, शिक्षक प्रदीप मिश्रा, अरुण कुमार, सुदर्शन कुमार, सोनी शुक्ला, निधि उपाध्याय, दीपमाला मौर्या, सोनाली, राजेश कुमार, प्रवीण चौरसिया, राधेश्याम दूबे समेत छात्र-छात्राओं के अभिवावक समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# महाशिवरात्रि पर कावड़ यात्रा के दौरान ट्रैफिक डायवर्जन रूल लागू

वेलकम इंडिया,

**मुरादाबाद** में कावड़ यात्रा के दौरान ट्रैफिक डायवर्जन लागू किया गया है।इसके तहत भारी वाहनों का शहर में प्रवेश पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। दिल्ली और हापुड़ की ओर जाने वाले वाहनों को संभल और अनूप शहर मार्ग से गुजारा जाएगा, जबकि बिजनौर जाने वाले वाहनों को डिलारी, ठाकुरद्वारा और सूरजननगर के रास्ते डायवर्ट किया जाएगा। कावड़ यात्रा के दौरान शहर में भारी वाहनों की एंट्री पर प्रतिबंध रहेगा, जबकि कांवड़ियों की आवाजाही को प्राथमिकता दी जाएगी। एसपी ट्रैफिक सुभाष चंद्र गंगवार के मुताबिक, हरिद्वार से जल लेकर आने वाले कांवड़िये मुख्य रूप से बिजनौर मार्ग के रास्ते मुरादाबाद में प्रवेश करते हैं। इसी को देखते हुए इन मार्गों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा और लगातार निगरानी रखी जाएगी।

# दो दिवसीय मीना मंच कार्यशाला का हुआ समापन

वेलकम इंडिया,

**ब्लॉक भगतपुर-टाण्डा** के कम्पोजिट विद्यालय जाहिदपुर में संचालित दो दिवसीय मीना मंच और पॉवर एंजिल के सशक्तीकरण, नेतृत्व क्षमता और जीवन कौशल शिक्षा को विकसित करने के उद्देश्य से संचालित दो दिवसीय कार्यशाला का शनिवार को समापन हो गया। इसमें बालिकाओं के आत्मविश्वास व नेतृत्व क्षमता को बढ़ाने पर विशेष बल दिया गया। खंड शिक्षा अधिकारी मोहित कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यशाला में संदर्भदाता नवनीत बिश्नोई एवं जितेंद्र कुमार ने शिक्षिकाओं को मीना मंच के उद्देश्यों की विधिवत जानकारी दी। संदर्भदाता जितेंद्र कुमार ने मीना मंच के संचालन में आने वाली प्रमुख चुनौतियों एवं उनके समाधान पर




प्रकाश डाला। गत वर्ष के प्रोजेक्ट पॉडकास्ट, कॉमिक बुक निर्माण, प्रगति के पंख, अरमान मॉड्यूल, वार्षिक कार्यक्रम एवं सोशल एक्शन प्रोजेक्ट के अनुभव साझा करते हुए प्रभावी तरीके बताए संदर्भदाता नवनीत बिश्नोई ने यौन अपराधों की परिभाषाएं, श्रेणियां, रिपोर्टिंग की अनिवार्यता एवं संरचनात्मक उपायों को फिल्म एवं उदाहरणों के माध्यम से समझाया। उन्होंने शिक्षक की भूमिका को बाल सुरक्षा की संस्कृति में शामिल करने पर ग्रुप चर्चा के जरिए विस्तार से बताया। कार्यशाला में बताया गया कि प्रत्येक शनिवार परियोजना के वार्षिक कैलेंडर के अनुसार पावर एंजेल के सहयोग से मीना मंच का संचालन अनिवार्य है। टूल-10 भरने की अनिवार्यता, तकनीकी समस्याओं का समाधान, कॉमिक/पुस्तक निर्माण के टिप्स, लैंगिक समावेश, विश्वास निर्माण एवं व्यवहार परिवर्तन जैसे अहम बिंदुओं पर चर्चा हुई। अरमान मॉड्यूल के कंटेंट से प्रतिभागियों को परिचित कराया गया।समापन पर प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित कर संकल्प दिलाया गया।

# 17 वर्षीय छात्रा का कमरे के पंखे पर झूलता मिला शव

वेलकम इंडिया,

**जहांगीराबाद।** नगर के भईपुर दोराहे के समीप स्थित जनता पॉलिटेक्निक की 17 वर्षीय छात्रा ने शनिवार को नगर स्थित विद्यालय की प्रधानाचार्या के आवास के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। छात्रा द्वारा खुदखुशी की घटना से शिक्षण संस्थान और आसपास के क्षेत्र में शोक व सनसनी का माहौल है जानकारी के अनुसार डिबाई तहसील क्षेत्र के गांव ईशनपुर निवासी 17 वर्षीय छात्रा जनता पॉलिटेक्निक में इलेक्ट्रॉनिक्स से प्रथम वर्ष में अध्ययन कर रही थी, जो नगर के पुख्ता बाजार स्थित टीचर कॉलोनी में विद्यालय की प्रधानाचार्या के आवास के ऊपर स्थित कमरे में किराये पर रह रही थी। शनिवार को छात्रा का शव कमरे में फांसी का फंदा



लगा पंखे पर लटका मिला। सूत्रों की माने तो शनिवार की सुबह साथ के कमरे में रहने वाली छात्रा ने मृतका को जगाने के लिए कमरे के दरवाजे पर दस्तक दी और आवाज लगाकर उठने के लिए बोला। कुछ देर तक जब ना तो कमरे का दरवाजा खुला और ना ही अंदर से कोई आवाज आयी तो छात्रा ने सारी बात जाकर अपनी मकान मालकिन प्रधानाचार्या को बताई।

# बिहार के महामहिम राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान के द्वारा "ब्रज रत्न अवॉर्ड" से अलंकृत हुई

प्रो.(डॉ.) शशि तिवारी




**आगरा** ।होटल जे.पी. पैलेस के कन्वेंशन हॉल में इन्क्रैडिबल इण्डिया फाउण्डेशन द्वारा आयोजित ₹ब्रज रत्न अवॉर्ड₹ का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ सम्पन्न हुआ ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे बिहार के महामहिम राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने अन्तरराष्ट्रीय ख्याति की जानी-मानी कवयित्री, साहित्यकार, समाजसेवी व आगरा कॉलेज (डॉ. भीमराव अम्बेडकर विश्वविख्यालय) की पूर्व संस्कृत विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) शशि तिवारी को ₹ब्रज रत्न अवॉर्ड₹ से अलंकृत किया ।साथ ही उन्हें प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह, शील्ड एवं अंगवस्त्र आदि प्रदान किए। ज्ञात हो कि प्रो. (डॉ.) शशि तिवारी अंतरराष्ट्रीय हिन्दी समिति, दिल्ली की सचिव (उत्तर प्रदेश प्रभार) हैं ।साथ ही शास्त्रीय गायन व कथक नृत्य में पारंगत हैं ।उनको संस्कृत के अलावा हिन्दी, ब्रजभाषा, उर्दू, अंग्रेजी व रूसी भाषाओं में महारथ हासिल है ।वे बाबू गुलाबराय स्मृति संस्थान, आगरा की अध्यक्ष हैं ।उनकी अब तक 30 से भी अधिक पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं ।वे पूर्व में उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान, लखनऊ के द्वारा ₹साहित्य भूषण सम्मान₹ से अलंकृत हो चुकी हैं ।उनको अभी तक 2000 से भी अधिक पुरस्कार व सम्मान प्राप्त हो चुके हैं ।वे समूचे देश के 24 विश्वविद्यालयों की परीक्षक रह चुकी हैं ।उनकी कुछ कविताएं जापान के ओसाका विश्वविद्यालय व श्रीलंका के कोलंबो विश्वविद्यालय के विदेशी भाषा विभाग में हिन्दी के पाठ्यक्रम में सम्मिलित हैं ।उनकी अनेक कविताओं के अनुवाद अंग्रेजी, ब्रजभाषा, पंजाबी, डोंगरी, सिंधी, संस्कृत, बंगला व कश्मीरी आदि भाषाओं में हो चुके हैं ।उनके सम्मान कुवैत, मॉरीशस, लन्दन, अमरीका आदि देशों में भी हो चुके हैं ।इसके अलावा वे इंग्लैंड, आयरलैंड, वेल्स, पाकिस्तान, कनाडा आदि देशों की भी साहित्यिक यात्राएं कर चुकी हैं। कार्यक्रम के अंतर्गत उनके अलावा सुप्रसिद्ध गीतकार सन्तोषानन्द, नवनीत सिकेरा (आई.पी.एस.), ब्रिगेडियर (डॉ.) अमरजीत सिंह, भागवताचार्य मृदुल कान्त शास्त्री, फि ल्म-टीवी अभिनेता पंकज कालरा, गोसेविका फ़्रेडरिक इरिना, गायक हेमन्त ब्रजवासी, नृत्यांगना नीलू शर्मा, फि ल्म गीतकार स्व. शैलेन्द्र सिंह (मरणोपरान्त), शूटर सोनिया शर्मा, सुप्रसिद्ध न्यूरोसर्जन डॉ. आर.सी.मिश्रा को भी यह प्रतिष्ठित ₹ब्रज रत्न सम्मान₹ प्रदान किया गया ।साथ ही प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह, शील्ड एवं अंगवस्त्र आदि प्रदान किए गए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि बिहार के महामहिम राज्यपाल आरिफ खान ने संस्कृत भाषा को देव वाणी बताते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण के मुख से बोली गई ब्रज भाषा अत्यंत पावन व प्रेम भरी वाणी है ।इस वाणी में बोले गए प्रत्येक शब्द में प्रेम रस व माधुर्य भरा हुआ है। साथ ही उन्होने कहा कि आज के युवाओं को संस्कृत का ज्ञान, गीता व रामायण जैसे ग्रन्थों का अध्ययन करते हुए अपने उन्नत जीवन का मार्ग प्रशस्त करना चाहिए। इस अवसर पर इन्क्रैडिबल इण्डिया फाउण्डेशन के चेयरमैन पूरन डाबर, अध्यक्ष मधुसूदन भट्ट, महासचिव अजय शर्मा, लघु उद्योग निगम के चेयरमैन राकेश गर्ग, सलाहकार समिति के चेयरमैन ए.के. सिंह व वाइस चेयरमैन डॉ. सुशील गुप्ता, आयोजन समिति के चेयरमैन किशोर खन्ना व वाइस चेयरमैन राजेश गर्ग, संयोजक ब्रजेश शर्मा, एस.बी.आई. के डी.जी.एम. संजय कुमार सिंह, संस्कृत यूनिवर्सिटी के चांसलर सचिन गुप्ता, डॉ. नरेन्द्र मल्होत्रा, डॉ. जयदीप मल्होत्रा, डॉ. गिरधर शर्मा, डॉ. मुनीश्वर गुप्ता, गोपाल गुप्ता, डॉ. अशोक शर्मा, राम मोहन कपूर, शकुन बंसल आदि के अलावा विभिन्न क्षेत्रों के तमाम गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम का कुशल संचालन तरुण शर्मा ने किया।

# अज्ञात वाहन की चपेट मे आकर बाइक सवार दंपति घायल



संवादाता मोहसिन रहमानी

**कांधला**। थाना क्षेत्र के दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर स्थित द गोल्ड पब्लिक स्कूल के निकट शुक्रवार देर शाम अज्ञात वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार दंपति गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने घायलों को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बाइक सवार व्यक्ति की हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया ।शामली जनपद के थाना आदर्श मंडी क्षेत्र अंतर्गत कस्बा बनत निवासी अजीत अपनी पत्नी ममता के साथ बाइक से बागपत जनपद के कस्बा छपरौली स्थित रिश्तेदारी में गए हुए थे। शुक्रवार देर शाम दंपति बाइक से अपने घर लौट रहे थे। जैसे ही वे थाना क्षेत्र के दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर द गोल्ड पब्लिक स्कूल के समीप पहुंचे, तभी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी ।हादसे में दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सड़क से गुजर रहे राहगीरों ने सूचना 108 एंबुलेंस को दी। मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने दोनों को नगर के सरकारी अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने अजीत की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जबकि प्राथमिक उपचार के बाद महिला को छुट्टी दे दी गई ।खबर लिखे जाने तक इस संबंध में थाने पर कोई तहरीर नहीं दी गई थी।

# रिश्तेदार बनकर ठगी, ग्रामीण से 5 हजार की साइबर ठगी

संवादाता मोहसिन रहमानी

**कांधला**। थाना क्षेत्र के गांव रामपुर खेड़ी निवासी एक ग्रामीण के खाते से अज्ञात साइबर ठग द्वारा रिश्तेदार बनकर हजारों रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित ने साइबर पुलिस को सूचना देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है ।गांव रामपुर खेड़ी निवासी बृजेश गिरी ने बताया कि उनके घर पर शादी का कार्यक्रम चल रहा था, जिस कारण वह काफी व्यस्त थे। इसी दौरान उनके मोबाइल पर एक अज्ञात व्यक्ति का कॉल आया, जिसने खुद को उनका रिश्तेदार बताया। कॉल करने वाले ने बताया कि उसका पुत्र बीमार है और इलाज के लिए तुरंत रुपये की जरूरत है ।ठग के झांसे में आकर पीड़ित ने उसके द्वारा भेजे गए बारकोड के माध्यम से 5 हजार रुपये भेज दिए। थोड़ी देर के बाद साइबर्थक की फिर से कॉल आई और बाकी पांच हजार रुपये डालने के लिए कहा ।कुछ समय बाद जब उन्हें शक हुआ तो उन्होंने मामले की जानकारी ली, जिस पर पता चला कि यह साइबर ठगी थी ।इसके बाद पीड़ित ने तुरंत 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत दर्ज कराई और थाने की साइबर पुलिस को भी प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। पीड़ित ने अपनी मेहनत की कमाई वापस दिलाने की गुहार लगाई है ।पुलिस ने पीड़ित को कार्रवाई का आश्वासन देते हुए साइबर ठग की तलाश शुरू कर दी है ।थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने लोगों से अपील की है कि किसी भी अनजान कॉल, ओटीपी या बारकोड पर पैसे भेजने से पहले पूरी जांच-पड़ताल जरूर करें, ताकि साइबर ठगी से बचा जा सके।

# एंटी रेबीज वैक्सीन लगवाने को अस्पताल पहुंचे पीड़ित, दहशत का माहौल


संवादाता मोहसिन रहमानी



**कांधला** ।नगर एवं क्षेत्र में आवारा कुत्तों के काटने की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। नगर पालिका द्वारा आवारा कुत्तों को पकड़ने एवं बधियाकरण अभियान चलाने का दावा किया जा रहा है, लेकिन इसके बावजूद हमलों पर कोई रोक नहीं लग पा रही है। आए दिन महिला, पुरुष और बच्चों पर कुत्तों के हमले हो रहे हैं ।सोमवार को कस्बा निवासी सतीश कुमार, गुलअफशा, मोहम्मद कैफ, अर्जुन, ओवैस, किवाना निवासी अंशुल, महिला सविता, असदपुर निवासी विनय कुमार सहित कई लोग आवारा कुत्तों के हमले में घायल हो गए। सभी घायलों ने सरकारी अस्पताल पहुंचकर एंटी रेबीज वैक्सीन लगवाई ।नगर एवं क्षेत्र में बीते एक वर्ष से आवारा कुत्तों के हमले लगातार सामने आ रहे हैं। विगत दिनों नगर निवासी राजीव शर्मा और क्षेत्र के गांव ढुढार निवासी किशोर त्रिदेव की कुत्तों के काटने से मौत हो चुकी है, जिससे लोगों में भय और आक्रोश व्याप्त है। नगर एवं क्षेत्र में लोगों का कहना है कि बार-बार शिकायतों के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पा रहा है। नागरिकों ने जिला प्रशासन से आवारा कुत्तों को पकड़कर उनका बधियाकरण कराने की मांग की है। चिकित्सा प्रभारी वीरेंद्र सिंह ने लोगों से आवारा जानवरों से दूर रहने और सतर्कता बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि कुत्ते के काटने की स्थिति में तुरंत अस्पताल पहुंचकर उपचार कराना जरूरी है।

# सडक पर जलभराव से लोग परेशान, वीडियो वायरल कर जताई नाराजगी

संवादाता मोहसिन रहमानी



**कांधला**। कस्बे के मोहल्ला रायजादगान में लंबे समय से सड़क पर हो रहे जलभराव की समस्या को लेकर लोगों में रोष बढ़ता जा रहा है। इसी क्रम में कस्बा निवासी डॉक्टर वसीम ने सड़क पर भरे पानी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करते हुए पालिका अध्यक्ष व कर्मचारियों पर लापरवाही का आरोप लगाया है। शनिवार को कस्बा निवासी डॉ. वसीम द्वारा वायरल किए गए वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि मोहल्ले की सड़क पर लगातार पानी भरा रहता है, जिससे आमजन के साथ-साथ स्कूल जाने वाले बच्चों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जलभराव के कारण लोगों को आवागमन में दिक्कत हो रही है, वहीं गंदा पानी जमा रहने से बीमारियों के फैलने का खतरा भी बना हुआ है ।पीड़ितों का कहना है कि इस समस्या को लेकर कई बार नगर पालिका से शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। पालिका अध्यक्ष व कर्मचारियों द्वारा समस्या के समाधान में रुचि न लेने से मोहल्लेवासियों में नाराजगी है मोहल्ले के अन्य लोगों का कहना है कि जलभराव के चलते उनका जनजीवन प्रभावित हो गया है और रोजमर्रा के कार्यों में बाधा उत्पन्न हो रही है। अंततः परेशान होकर डॉ. वसीम ने सोशल मीडिया के माध्यम से अपनी बात उच्च अधिकारियों तक पहुंचाई है ।पीड़ितों ने जनपद के उच्च अधिकारियों से मामले का संज्ञान लेते हुए जल्द से जल्द जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान कराने की मांग की है।

# 108 एंबुलेंस कर्मियों की सूझबूझ से बची वृद्ध की जान



संवादाता मोहसिन रहमानी

**कांधला**। कस्बा निवासी एक वृद्ध व्यक्ति की शुक्रवार देर रात अचानक तबीयत बिगड़ गई। परिजनों ने तत्काल 108 एंबुलेंस सेवा को सूचना देकर सहायता मांगी। सूचना मिलते ही एंबुलेंस मौके पर पहुंची और वृद्ध को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया ।अस्पताल में चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए वृद्ध को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। एंबुलेंस के माध्यम से जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में वृद्ध महेंद्रदास की तबीयत और बिगड़ गई। स्थिति को भांपते हुए एंबुलेंस पर तैनात ईएमटी अभिषेक चौधरी व चालक नितिन मलिक ने सूझबूझ का परिचय देते हुए एंबुलेंस में उपलब्ध उपकरणों की मदद से तुरंत उपचार शुरू किया ।कर्मचारियों की तत्परता और मेहनत से वृद्ध की हालत में सुधार हुआ और उन्हें सुरक्षित जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उनका उपचार किया। फिलहाल वृद्ध की हालत सामान्य बताई जा रही है ।एक बार फिर 108 एंबुलेंस सेवा की उपयोगिता और विश्वसनीयता साबित हुई है। समय पर पहुंचने, आधुनिक सुविधाओं और प्रशिक्षित स्टाफ के कारण यह सेवा लगातार लोगों की जान बचाने में अहम भूमिका निभा रही है ।कस्बा का क्षेत्र के लोगों ने एंबुलेंस कर्मियों की सराहना करते हुए उनके कार्य की प्रशंसा की है।

# समाधान दिवस में भूमि विवाद से जुड़ी चार शिकायतें, निस्तारण के निर्देश

संवादाता मोहसिन रहमानी



**कांधला**। शनिवार को शासन के निर्देश पर थाना परिसर में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। थाना समाधान दिवस थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुआ, जिसमें राजस्व विभाग की टीम व पुलिस बल मौजूद रहा ।समाधान दिवस के दौरान चार शिकायतें प्राप्त हुईं। कस्बा निवासी किसान सत्येंद्र सिंह ने बताया कि उसका खेत दक्षिण क्षेत्र में स्थित है। आरोप है कि उनका पड़ोसी ओमवीर लगातार चकरोड काटकर खेत को नुकसान पहुंचा रहा है। पूर्व में शिकायत पर राजस्व विभाग की टीम द्वारा खेत के चारों ओर पिलर लगवाए गए थे, जिन्हें आरोपी ने उखाड़ दिया। साथ ही जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है ।आल्दी निवासी किसान राजपाल ने अपने पड़ोसी पर चकरोड काटने का आरोप लगाया। गांव मखमूलपुर निवासी किसान इरफान व प्रमोद ने पड़ोसी किसानों पर बार-बार मेड़ काटकर फसल को नुकसान पहुंचाने की शिकायत दर्ज कराई। इसके अलावा रसूलपुर गुजरान निवासी पुष्पेंद्र चौहान ने ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जे का आरोप लगाते हुए भूमि को कब्जा मुक्त कराने की मांग की ।थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि समाधान दिवस में प्राप्त सभी शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित विभागों की संयुक्त टीम गठित कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि सभी मामलों का शीघ्र व निष्पक्ष समाधान कराया जाएगा।

# हरिद्वार से जल भरकर कांवड़िए गंतव्य को रवाना आज होगा जलाभिषेक



वेलकम इंडिया

**बुगरासी** ।दो दिन पहले कांवड लेने गये क्षेत्र के युवाओं का हरिद्वार से जल भरकर कांवड लेकर आना शुरू हो गया है। क्षेत्र के गांव बरहाना से कई दर्जन युवा दो दिन पहले कांवड लेनें गये थे कि जिनका बम बम भोले के जयकारों के साथ लौटना शुरू हो गया है ।आज 15 फरवरी को शिवरात्रि है इस लिये सभी भोले समय से पहले अपने गंतव्य पर पहुचना चाहते हैं। क्षेत्र के गांव बरहाना से कांवड लेकर आने वाले सभी भोले अपने गांव के पुराने शिव मन्दिर पर ही प्रतिवर्ष कांवड चढ़ायेंगे।

# जी . जी . हिंदू इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर का समापन समरोह

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा



**मुरादाबाद**। जी. जी. हिंदू इंटर कॉलेज मुरादाबाद में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का सातवां और अंतिम दिवस समापन समरोह तथा नशा मुक्ति दिवस के रूप मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती के चित्र पर मल्यार्पण और दीप प्रज्वलित करके कियाक कार्यक्रम की शुरूआत में सरस्वती वंदना, स्वागत गीत तथा लक्ष्य गीत आदि प्रस्तुत किए गए इसके बाद स्वयंसेविका प्रियांशी दिवाकर तथा सिद्धि गुप्ता के द्वारा इस सात दिवस विशेष शिविर में आयोजित विभिन्न गतिविधियो का लेखाजोखा प्रस्तुत किया गया जिसमें प्रथम दिवस को आयोजित शुभारंभ एवं स्वच्छता दिवस, द्वितीय दिवस पर अयोजित नारी सशक्तीकरण बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ व दहेज प्रथा, तृतीय दिवस पर अयोजित योग व संस्कार संस्कृति संवाहक, चतुर्थ दिवस पर अयोजित साइबर सुरक्षा, सोशल मीडिया व मोबाइल फोन का दुरूपयोग, पंचम दिवस पर आयोजित क्षमता व कौशल विकास और मेक इन इंडिया स्कीम, षष्ठम दिवस पर अयोजित सड़क सुरक्षा नियम व यातायात रेली आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। विमलेंद्र कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों से इस विशेष शिविर के दौरान अर्जित किए गए ज्ञान पर आधारित कुछ प्रश्नोत्तरी की. साथ ही आगे बढ़ाने की प्रेरणा प्रदान की यह भी बताया की राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रों को प्रेरित करने का एकमात्र संगठन ह विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ कुलदीप बरनवाल ने इस विशेष शिविर की उपलब्धियों के बारे में बताया तथा स्वयंसेवकों को अपना मार्गदर्शन और आशीर्वाद प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी आफताब हसन ने किया।

इस मौके पर विद्यालय के बी.के. गौतम, अरविंद मोहन पांडे, उदल सिंह, सुनीत गिरि, जी. सी. जोशी, डॉ सोमवीर सिंह, डॉ सुरेंद्र कुमार वर्मा आदि शिक्षक गण मौजूद रहे।

# द्वितीय भव्य पुरातन छात्र सम्मान समारोह का हुआ सफल आयोजन

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,**( अनिल वशिष्ठ)। डा के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज मोदीनगर मे पुरातन छात्र सम्मान समारोह ( ग्रान्ड एल्यूमिनी मीट - 2026) का ऐतिहासिक एवं भव्य आयोजन विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ सतीश चंद अग्रवाल की अध्यक्षता एवं मुख्य संयोजक एवं पुरातन छात्र, वरिष्ठ समाजसेवी एवं शिक्षाविद् डॉ अखिलेश द्विवेदी एवं राजेश शर्मा (पूर्व सदस्य एन सी एल टी) के निर्देशन में संपन्न कराया गया। कार्यक्रम मे पुरातन छात्र डा प्रदीप कुमार भटनागर, राकेश जिंदल, विजेंद्र गुप्ता, जितेंद्र कुमार सैनी, कोशिक कुमार शर्मा, डॉ एस पी गुप्ता,एस पी गुप्ता, विंग कमांडर गुल वीर सिंह नेहरा, तरलोक मक्कड़, पी के सिंहल, नरेश पाल मलिक, अजीत सिन्हा, पी सी जोशी, अशोक नॉन चाल, अनिल कांत शर्मा, लाभेन्दर दत्त कोशिक, राकेश जिंदल, के के शर्मा, डा अनिल गर्ग, डॉ मुकेश गर्ग ,हरजीत पुरी, राकेश शर्मा, महेश पिलानिया, दिवाकर, श्याम सिंह, आदि पुरातन छात्र सम्मिलित हुए। समारोह की मुख्य विशेषता यह रही कि इसमें मोदीनगर, गाज़ियाबाद, दिल्ली, एन सीआर के अतिरिक्त देश के विभिन्न कोनों से भी पुरातन छात्रों ने प्रतिभाग किया।सभी ने विद्यालय संबंधी अपने अनेक अनुभव साझा करते हुए अनेकों संस्मरण सुनाए। सम्मान समारोह का संचालन करते हुए विद्यालय के पूर्व छात एवं कार्यक्रम सह संयोजक एन सी सी अधिकारी प्रवीण कुमार जैनर ने सभी सम्मानित पुरातन छात्रों का विद्यालय परिवार की ओर से स्वागत करते हुए कॉलेज प्रधानाचार्य डॉ सतीश चंद अग्रवाल एवं राजीव कुमार के साथ सभी को सम्मान स्वरूप पटका पहनाकर एवं सम्मान प्रतीक भेंटकर सभी का हार्दिक अभिनंदन एवं स्वागत किया ।प्रधानाचार्य सतीश चन्द अग्रवाल ने सभी पुरातन छात्रों से विद्यालय से जुड़े रहने एवं शैक्षिक उन्नयन हेतु अपने अपने सुझाव एवं सहयोग देने हेतु आग्रह किया जिससे कि शहर की यह लब्ध प्रतिष्ठित संस्था और ऊँचे आयाम प्राप्त कर देश प्रदेश में स्वयं को आदर्श शैक्षिक संस्था के रूप में स्थापित कर शहर का नाम रोशन करने का कार्य करती रहे। इस अवसर पर राजेश शर्मा पुरातन छात्र एवं पूर्व सदस्य एन सी एल टी ने छात्रों को कैरियर काउंसलिंग संबंधी हर प्रकार की मदद देने का आश्वासन दिया। शिक्षाविद अखिलेश द्विवेदी ने छात्रों को खेल संबंधी हर संभव मदद के साथ साथ समय समय पर छात्रों के लिए विशेष खेलों के आयोजन की बात कही ।शिक्षाविद् एवं पूर्व प्रधानाचार्य श्री सुरेश कुमार जैन एवं डी सी शर्मा ने शिक्षा के क्षेत्र में अपने योगदान के बारे में बताया और कहा कि संस्था में सभी शिक्षकों को अपने दायित्वों का निर्वहन करने तथा विद्यालय के शैक्षिक उन्नयन हेतु निरंतर प्रयासरत रहने के लिए प्रेरित किया ।कार्यक्रम को सफल बनाने में टी पी सिंह, आर के सिंह, संजीव कुमार, राम कुमार, राजीव वर्मा, राजीव सिंह, प्रवीण जैनर,सतीश कुमार का विशेष योगदान रहा।




# मातृभूमि सेवा संघ द्वारा बलिदान दिवस पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर**,( अनिल वशिष्ठ) ।मातृभूमि सेवा संघ द्वारा पुलवामा हमले में शहीद हुए अमर जवानों एवं शहीद मेजर सतीश दहिया के बलिदान दिवस पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सदस्यों एवं नागरिकों ने दो मिनट का मौन रखकर वीर बलिदानियों को नमन किया। विकास भारतीय ने कहा कि शहीदों का सर्वोच्च त्याग राष्ट्र की सुरक्षा, एकता और अखंडता की अमिट प्रेरणा है। पुलवामा के वीर जवानों का बलिदान तथा मेजर सतीश दहिया का अदम्य साहस आने वाली पीढ़ियों के लिए राष्ट्रभक्ति का उज्ज्वल उदाहरण है। इस अवसर पर प्रदीप बांगवा, खुशाल नेगी, आशुतोष सक्सेना, विनय सिंघल, सिद्धार्थ ठाकुर, मोहित सोनी, तेजा सिंह, राजीव सैन, महेश कुमार, अविनाश झा एवं विनय मित्तल उपस्थित रहे। मातृभूमि सेवा संघ ने संकल्प लिया कि शहीदों के आदर्शों को जन-जन तक पहुँचाया जाएगा तथा युवाओं में राष्ट्रसेवा और देशभक्ति की भावना को निरंतर प्रोत्साहित किया जाएगा।

# भाजपा द्वारा केंद्रीय बजट 2026 चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)।** मोदीनगर विधानसभा क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी द्वारा छतरी वाले मंदिर परिसर में केंद्रीय बजट 2026 चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक डॉ मंजू शिवाच उपस्थित रही। विधायक डॉ मंजू शिवाच ने कहा कि यह बजट विकसित भारत के लक्ष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो आत्मनिर्भरता, नवाचार और समावेशी विकास की भावना को सशक्त करता है। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के संतुलित विकास, लघु एवं मध्यम उद्योगों को प्रोत्साहन तथा सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के विस्तार से समाज के प्रत्येक वर्ग को लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में क्षेत्र के सम्मानित नागरिकों, वरिष्ठजनों, युवाओं एवं मातृशक्ति की बड़ी संख्या में उत्साहपूर्ण उपस्थिति रही।

# केंद्रीय मंत्री ने ग्राम लुहारली में शहीद सूबेदार रणजीत सिंह की प्रतिमा का किया अनावरण

वेलकम इंडिया



**बुलंदशहर।** केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी जनपद के अगौता क्षेत्र स्थित लुहारली गांव पहुंचे, जहां उन्होंने वर्ष 1962 के भारत-चीन युद्ध में शहीद हुए महावीर चक्र विजेता सूबेदार रणजीत सिंह की प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर आयोजित जनसभा में उन्होंने शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए देश की रक्षा में बलिदान देने वाले वीर सैनिकों को राष्ट्र की अमूल्य धरोहर बताया। जयंत चौधरी ने कहा कि देश की सुरक्षा के लिए प्राणों की आहुति देने वाले वीर सपूतों को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने बुलंदशहर की धरती को वीरों की भूमि बताते हुए कहा कि ऐसे शहीदों पर पूरे देश को गर्व है। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने उपस्थित लोगों से शहीदों के आदर्शों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। जनसभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने केंद्र और प्रदेश सरकार की नीतियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दोनों सरकारें किसानों के हित में निरंतर कार्य कर रही हैं। उन्होंने किसानों की आय बढ़ाने, कृषि क्षेत्र को मजबूत बनाने तथा उनकी समस्याओं के समाधान के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। अमेरिकी ट्रेड डील को लेकर उठ रहे सवालों पर उन्होंने कहा कि इससे भारतीय किसानों को किसी प्रकार का नुकसान नहीं होगा। ह्यवंदे मातरमह्न के विरोध से जुड़े विवाद पर प्रतिक्रिया देते हुए जयंत चौधरी ने कहा कि यह देशभक्ति की भावना से जुड़ा विषय है और सभी नागरिकों को राष्ट्र के प्रतीकों एवं राष्ट्रीय भावनाओं का सम्मान करना चाहिए। एप्सटीन फाइल्स से जुड़े सवालों पर उन्होंने कहा कि केवल आरोप लगने या किसी के न मानने से कोई व्यक्ति आरोपी नहीं हो जाता। बिना ठोस प्रमाण के किसी की छवि खराब करना उचित नहीं है। समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव के ह्यबुलडोजर ब्रह्मोसह्न बयान पर पलटवार करते हुए उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में डिफेंस कॉरिडोर जैसी परियोजनाएं प्रदेश के विकास की नई पहचान बन रही हैं। अलीगढ़ से कानपुर तक फैला डिफेंस कॉरिडोर औद्योगिक विकास को गति देगा। साथ ही उन्होंने जेवर एयरपोर्ट का उल्लेख करते हुए कहा कि इसका उद्घाटन जल्द होने वाला है, जिससे क्षेत्रीय विकास को नई दिशा मिलेगी।

# गढ़मुक्तेश्वर में महाशिवरात्रि को लेकर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद, एसपी ने किया ब्रजघाट/गंगाघाट का निरीक्षण



वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

**हापुड़** महाशिवरात्रि पर्व के मद्देनजर श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्रांतर्गत ब्रजघाट एवं गंगाघाट का भ्रमण/निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने घाटों पर तैनात पुलिस बल, बैरिकेडिंग, यातायात प्रबंधन तथा भीड़ नियंत्रण की व्यवस्थाओं का जायजा लिया ।निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि पर्व के अवसर पर आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने सतर्कता बढ़ाने, संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखने तथा महिला सुरक्षा को प्राथमिकता देने के निर्देश भी दिए। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी (सीओ) गढ़मुक्तेश्वर, थाना प्रभारी गढ़मुक्तेश्वर सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

# ऐ मेरे वतन के लोगों जरा आंख में भर लो पानी' जो शहीद हुए हैं

(संतोष कुमार सिंह)

**वाराणसी** :- 95 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा पुलवामा शहीद रमेश यादव के गांव तोफापुर में सीआरपीएफ रेंज चंदौली संजय कुमार उपमहानिरीक्षक के द्वारा शहीद रमेश यादव के स्मारक पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया गयो सीआरपीएफ गार्ड द्वारा सलामी दिया गया तथा उनके गांव में शहीदों के नाम पर हो रहे क्रिकेट प्रतियोगिता में संजय कुमार उप महानिरीक्षक रेंज चंदौली शामिल होकर खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाये उसके बाद शाहिद के परिवारों से मिलकर उपहार भेंट किया साथ-साथ उनके परिवार से सांत्वना देते हुए कहे जब भी हमारी जरूरत समझ में आए आप लोग हमें याद कर सकते हैं मैं और मेरा डिपार्मेंट हमेशा आपका सहयोग करने के लिए प्रतिबद्ध हैं इस कार्यक्रम में 95 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के राजेश कुमार दि0 कमा0 अधिकारी,रंजन सिंह सहायक कमांडेंट,प्रवीण सिंह उपस्थित रहे।

# काशीका फाउंडेशन ने वाराणसी मे मनाया स्वराज वैलेंटाइन दिवस

(संतोष कुमार सिंह)



**वाराणसी** :- काशीका फाउंडेशन द्वारा 14 फरवरी शनिवार को सिगरा मैकडॉनल्ड्स आउटलेट स्थित आइपी मॉल मे स्वराज वैलेंटाइन दिवस मनाया गया फाउंडेशन के संस्थापक विनय कुमार चौरसिया ने कहा की स्वराज वैलेंटाइन दिवस मनाने का उद्देश्य प्रेम को सही अर्थ गीता के श्लोक रकर्मण्ये वाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचनर से संगर्भित है जिस प्रकार मानव का जन्म लेना उसके वश मे नहीं उसी प्रकार प्रेम भी हमारे वश मे नहीं होता है किन्तु जन्म से वही जीव प्राणी को कर्म करना ही पड़ता हैं प्रेम निस्वार्थ भाव का प्रतिक है जिसमे प्रेम नहीं,वह निस्वार्थ भाव है ही नहीं इसी कामना के साथ काशीका फाउंडेशन के संस्थापक विनय कुमार चौरसिया ने सामान्य एवं दिव्यांगजन के साथ मनाया विनय चौरसिया ने कहा कि स्वराज वैलेंटाइन के रूप मे इसे मनाने के उद्देश्य की व्याख्या करते हुऐ कहा कि हमें हमारे अपने अधिकारों के लिये आवाज उठानी चाहिये इसके लिये अधिकार है क्या ये जानना भी बहुत जरूरी है प्रेम पर सबका का समान अधिकार है किन्तु प्रेम किसी के अधिकार अथवा मे नहीं होता बनारस मे जब से मॉल कल्चर प्रारम्भ हुआ था मैकडॉनल्ड्स उन अग्रनीय आउटलेट मे से एक था जहाँ सेल्फ सर्विस के कांसेप्ट के साथ नया-नया था उस वक़्त विनय जी ने सजेस्ट किया था कि प्रकार आप यहाँ की जनता से इंटरेक्ट कर सकते है कि उन्हें पहले जागरूक कीजिये अपनी व्यवस्था विधि एवं सेल्फ सर्विस के फिर इसके बाद वो सभी हैबिच्यूअल हो जायेंगे खुद पर खुद

# पर्यवेक्षक राजु यादव ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को दिया बधाई और शुभकामनाए

(संतोष कुमार सिंह)



**वाराणसी** :- पूर्वोत्तर रेलवे ओबीसी एसोसिएशन का द्विवार्षिक अधिवेशन एवं मंडल कार्यालय कार्यकारिणी के बनारस (मंडुआडीह) शाखा का किया गया चुनाव जिसमें पर्यवेक्षक राजु यादव की उपस्थिति में वाराणसी मंडल कार्यालय में व मंडल कार्यकारिणी की द्विवार्षिक बैठक एवं चुनाव सर्वसम्मत से संपन्न किया गया चुनाव के उपरांत कार्यकारिणी के बीस पदाधिकारीयो का किया गया चयन चुनाव सम्पन्न होने के उपरांत पर्यवेक्षक राजु यादव ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएं दिया और कहा की आप सभी पदाधिकारियों से आशा करते है की अगले दो वर्षों तक मन लगाकर संगठन और भी ऊँचाई तक ले जायेंगे उपस्थित रेल कर्मचारियों ने नव निर्वाचित शाखा पदाधिकारियों को माला पहनाकर दिया बधाई नवनिर्वाचित पदाधिकारियों मे मुख्य रुप से बनारस (मंडुआडीह)शाखा अध्यक्ष संतोष कुमार,कार्यकारी अध्यक्ष आनंद कुमार,वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजित कुमार यादव, उपाध्यक्ष अशोक यादव,उपाध्यक्ष मोहन सिंह यादव, उपाध्यक्ष विजय बहादुर यादव,शाखा मंत्री देवानन्द, संयुक्त शाखा मंत्री राजेश कुमार,संयुक्त शाखा मंत्री सतीश कुमार, संयुक्त शाखा मंत्री संजय कुमार,संयुक्त शाखा मंत्री सुजीत कुमार यादव,शाखा संगठन मंत्री उमेश यादव,सहायक शाखा मंत्री मनोज कुमार, सहायक शाखा मंत्री महेंन्द्र यादव,सहायक शाखा मंत्री संजीव कुमार सिंह,सहायक शाखा मंत्री राज कुमार पटेल,सहायक शाखा मंत्री सतीश कुमार,शाखा कोषाध्यक्ष मुस्तकीम हुसैन,शाखा कार्यालय मंत्री विरेन्द्र यादव,शाखा आडीटर पिन्टू यादव शामिल रहे

# राष्ट्रीय भारोत्तोलन चैंपियनशिप जोश, उमंग और रोमांच के साथ संपन्न

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,**( अनिल वशिष्ठ) ।राष्ट्रीय भारोत्तोलन चैंपियनशिप का ग्यारहवां एवं अंतिम दिन अत्यंत जोश, उमंग और रोमांच के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर पुरुष वर्ग के +94 किग्रा यूथ, 110 किग्रा जूनियर व सीनियर तथा +110 किग्रा जूनियर व सीनियर वर्ग के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों की उत्कृष्ट तकनीक, अनुशासन और जुझारूपन ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। अंतिम दिवस के प्रमुख परिणाम राष्ट्रीय भारोत्तोलन चैंपियनशिप के दौरान खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कई नए रिकॉर्ड अपने नाम किए। जूनियर पुरुष +110 किग्रा वर्ग में केशव बिस्सा ने स्नैच में 161 किग्रा तथा क्लीन एंड जर्क में 201 किग्रा भार उठाकर कुल 362 किग्रा का शानदार प्रदर्शन किया और तीनों वर्गों में नया रिकॉर्ड स्थापित किया। वहीं सीनियर पुरुष 110 किग्रा वर्ग में हरचरण सिंह ने स्नैच में 161 किग्रा भार उठाकर नया रिकॉर्ड अपने नाम किया।इसके अतिरिक्त सीनियर पुरुष +110 किग्रा वर्ग में लवप्रीत सिंह ने स्नैच में 172 किग्रा भार उठाकर प्रतियोगिता का नया रिकॉर्ड बनाया। इस प्रतियोगिता के अंतर्गत +110 किग्रा सीनियर पुरुष वर्ग के प्रतिभाशाली एथलीट लवप्रीत सिंह जो राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना चुके हैं, इन्होंने वर्तमान में मोदीनगर स्थित वेटलिफ्टिंग वारियरस अकैडमी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। ये खिलाड़ी द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित विजय शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में नियमित अभ्यास कर रहे हैं। अकैडमी में खिलाड़ियों की अंतरराष्ट्रीय स्तर की तैयारी के अनुरूप विशेष देखरेख की जा रही है। उनके प्रशिक्षण, फिटनेस, तकनीक, पोषण एवं मानसिक मजबूती पर निरंतर ध्यान दिया जा रहा है, ताकि वे भविष्य में देश का नाम राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में गौरवान्वित कर सकें। पूरे आयोजन का सफल संचालन विजय शर्मा (द्रोणाचार्य पुरस्कार प्राप्त) के कुशल मार्गदर्शन एवं देखरेख में निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं उच्च मानकों के साथ किया गया ।इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में डॉ मंजू सिवाच (विधायक, मोदीनगर), सहदेव यादव (अध्यक्ष, इंडियन वेटलिफ्टिंग फेडरेशन),गुलशन गोयल (सुपरिंटेंडेंट इंजीनियर, यूपीपीसीएल),हंसा शर्मा (द्रोणाचार्य पुरस्कार प्राप्त) एवं सबीना यादव (अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश वेटलिफ्टिंग एसोसिएशन) की विशेष उपस्थिति रही ।माननीय अतिथियों द्वारा विजेता एवं इंटर्नशिप खिलाड़ियों को पदक प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। अतिथियों ने खिलाड़ियों की मेहनत, समर्पण और भविष्य की संभावनाओं की सराहना करते हुए उन्हें निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। आबंटकों ने सफल आयोजन के लिए सभी खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, प्रतिभागियों, प्रतिभागियों एवं सहयोगी का आभार व्यक्त किया तथा भविष्य में भी इसी प्रकार उच्च स्तरीय प्रतियोगिताओं के आयोजन का संकल्प नामांकन। आज राष्ट्रीय भारोत्तोलन चैंपियनशिप का समापन बड़े ही भव्य, गरिमामय एवं शानदार प्रदर्शन के साथ किया गया। समापन समारोह में अतिथियों एवं संचालकों ने खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की।



# ट्रंप की दबाव वाली डील नहीं चलेगी-भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर आप का विस्फोटक हंगामा

## प्रतिलिपि जलाकर केंद्र सरकार और डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ खोला मोर्चा

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद** भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर शनिवार को गाजियाबाद का जिला मुख्यालय विरोध की आग में तपता नजर आया, जब आम आदमी पार्टी (अअढ) के कार्यकताओं ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए केंद्र सरकार और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नीतियों के खिलाफ खुलकर मोर्चा खोल दिया। प्रदर्शनकारियों ने इस डील को ह्लदेश की आर्थिक आजादी पर हमलाह्व बताते हुए इसकी प्रतिलिपि जलाकर अपना उग्र विरोध दर्ज कराया। जिला मुख्यालय पर जुटे सैकड़ों कार्यकताओं ने ह्लदेश नहीं बिकने देंगेह्व, ह्लट्रंप की दबाव नीति बंद करोह्व और ह्लकिसानों के साथ विश्वासघात नहीं सहेंगेह्व जैसे गगनभेदी नारे लगाए। प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि यह व्यापार समझौता अमेरिकी दबाव में किया गया है, जिससे भारत के किसानों, छोटे व्यापारियों और स्थानीय उद्योगों को भारी नुकसान होगा और देश की आर्थिक संप्रभुता कमजोर पड़ेगी। जिलाध्यक्ष निर्मित यादव ने केंद्र सरकार और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि यह समझौता भारत पर आर्थिक दबाव बनाकर अमेरिका को फायदा पहुंचाने की रणनीति का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि अमेरिका की ओर से पहले 25 प्रतिशत डायरेक्ट टैक्स की बात कही गई थी और अब भारत को लगभग 18 प्रतिशत टैक्स का बोझ उठाने के लिए मजबूर किया जा रहा है, जो पूरी तरह अन्यायपूर्ण और असंतुलित है।निर्मित यादव ने कहा, ह्लअमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नीतियां पूरी तरह अपने देश को फायदा पहुंचाने और भारत जैसे देशों पर आर्थिक दबाव बनाने पर केंद्रित हैं। केंद्र सरकार अगर इस दबाव में झुकती है, तो यह देश के किसानों, व्यापारियों और युवाओं के भविष्य के साथ सीधा विश्वासघात होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि भारत पहले ही कई उत्पादों पर शून्य प्रतिशत टैक्स के साथ व्यापार कर रहा है, इसके बावजूद इस तरह की शर्तें थोपना भारत की आर्थिक मजबूती को कमजोर करने की साजिश है। पार्टी नेताओं ने इसे ह्लआर्थिक गुलामी की ओर धकेलने वाली डीलह्व करार दिया।प्रदर्शन के दौरान कार्यकताओं ने व्यापार समझौते की प्रतिलिपि जलाकर केंद्र सरकार और अमेरिकी नीतियों के खिलाफ अपना तीखा आक्रोश जाहिर किया। नेताओं ने मांग की कि केंद्र सरकार तुरंत इस समझौते को रद्द करे और देशहित में नई, मजबूत और आत्मनिर्भर व्यापार नीति लागू करे। अअढ नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने इस मुद्दे को गंभीरता से नहीं लिया, तो यह आंदोलन गाजियाबाद से निकलकर पूरे देश में बड़े जनआंदोलन का रूप लेगा। उन्होंने दो टूक कहा—ह्लदेश की अर्थव्यवस्था और किसानों के भविष्य के साथ किसी भी कीमत पर समझौता नहीं होने दिया जाएगा, चाहे इसके लिए सड़कों से संसद तक निर्णायक लड़ाई क्यों न लड़नी पड़े।ह्व यह प्रदर्शन केवल विरोध नहीं, बल्कि भारत की आर्थिक अस्मिता को बचाने के लिए छेड़ी गई खुली लड़ाई का ऐलान माना जा रहा है।

# आधार-आयुष्मान और नेत्र जांच शिविर का आयोजन



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** सिद्धार्थ विहार स्थित प्रतीक ग्रैंड सोसायटी, गजप्रस्थ में शनिवार को राष्ट्रीय व्यापार मंडल गजप्रस्थ द्वारा बहुउद्देश्यीय जनसेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड एवं नेत्र जांच जैसी महत्वपूर्ण सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई गईं। कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक संजीव शर्मा ने फीता काटकर किया। राष्ट्रीय व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष बालकिशन गुप्ता के अनुरोध पर आयोजित इस शिविर को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय और डाक विभाग का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। शिविर संयोजक पंडित अशोक भारतीय ने आयोजन की पूरी जिम्मेदारी संभालते हुए व्यवस्थाओं का सफल संचालन किया। शिविर में 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए, जिससे उन्हें स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ मिल सके। 18 वर्ष तक की आयु के बच्चों और युवाओं के नए आधार कार्ड बनाए गए, वहीं सभी आयु वर्ग के लोगों के पुराने आधार कार्ड में आवश्यक संशोधन की सुविधा भी प्रदान की गई। इससे स्थानीय निवासियों को सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगाने से राहत मिली। नेत्र जांच के लिए श्रेया आई सेंटर की ओर से विशेषज्ञ टीम ने निःशुल्क जांच की व्यवस्था की। बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी आंखों की जांच कराई और आवश्यक परामर्श प्राप्त किया। शिविर में सैकड़ों की संख्या में क्षेत्रीय निवासियों ने पहुंचकर सेवाओं का लाभ उठाया। विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि एक ही छत के नीचे इस प्रकार की बहु-सेवाएं उपलब्ध कराना सराहनीय पहल है।। कार्यक्रम में पार्षद अरुण कुमार, पार्षद कन्हैया लाल, देवेंद्र कुमार त्रिपाठी, प्रेम सिंह चौधरी, शैलेंद्र बाजपेई, सेवानिवृत्त आईएएस ओमवीर वीरवाल, सीएमओ कार्यालय से सौरभ, डाक विभाग से सुमित, कासिम, दिनेश सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# डॉ. उपासना अरोड़ा की प्रधानमंत्री मोदी व राष्ट्रपति हर्मिनी से मुलाकात



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**/नई दिल्ली। रिपब्लिक ऑफ सेशेल्स के राष्ट्रपति की भारत यात्रा के दौरान आयोजित आधिकारिक कार्यक्रमों में भारत-सेशेल्स संबंधों को नई ऊर्जा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए गए। इसी क्रम में यशोदा ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स की मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. उपासना अरोड़ा ने शनिवार को नई दिल्ली स्थित हैदराबाद हाउस में भारत के माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा रिपब्लिक ऑफ सेशेल्स के राष्ट्रपति डॉ. पैट्रिक हर्मिनी से शिष्टाचार भेंट की। यह मुलाकात ऐसे समय में हुई है जब भारत और सेशेल्स के बीच रणनीतिक और विकासात्मक साझेदारी लगातार मजबूत हो रही है। उच्चस्तरीय बैठक में दोनों देशों के बीच सहयोग को और व्यापक बनाने, विशेषकर स्वास्थ्य सेवाओं, समावेशी विकास, व्यापार, डिजिटल परिवर्तन और क्षमता निर्माण जैसे क्षेत्रों में नई संभावनाओं की पहचान पर विस्तार से चर्चा की गई। स्वास्थ्य सेवा इस बैठक का प्रमुख केंद्र रहा। विचार-विमर्श में अस्पताल अवसंरचना को सुदृढ़ करने, गुणवत्तापूर्ण और किफायती दवाओं तक आमजन की पहुंच सुनिश्चित करने तथा संस्थागत सहयोग के माध्यम से सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को अधिक प्रभावी बनाने जैसे मुद्दों पर सहमति बनी। यह भी चर्चा हुई कि भारतीय स्वास्थ्य संस्थान तकनीकी विशेषज्ञता, प्रशिक्षण और आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों के आदान-प्रदान के माध्यम से सेशेल्स की स्वास्थ्य व्यवस्था को और सशक्त बना सकते हैं।

# मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत प्रदेशभर में चौपाल और पदयात्राएं

वेलकम इंडिया

> 17 फरवरी को लखनऊ में विधानसभा घेराव का ऐलान

**गाजियाबाद।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष सतीश शर्मा के नेतृत्व में शनिवार को आयोजित प्रेस वार्ता में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला गया। कांग्रेस पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार देश के गरीब, मजदूर और वंचित वर्गों के लिए सुरक्षा कवच बने इस कानून को कमजोर करने का प्रयास कर रही है प्रेस वार्ता में राजाराम भारती, सुरेंद्र कुमार शर्मा, बृजेश सैन, ताज राणा, अभिनव शर्मा और अश्वनी त्यागी सहित अनेक कांग्रेस नेता मौजूद रहे। सतीश शर्मा ने कहा कि 20 वर्ष पूर्व संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए-1) सरकार ने मनरेगा लागू कर संविधान में निहित 'काम के अधिकार' को धरातल पर उतारा था। इस कानून ने ग्राम पंचायतों को गांव स्तर की परियोजनाओं पर निर्णय लेने का अधिकार देकर पंचायती राज व्यवस्था को मजबूती प्रदान की। उन्होंने कहा कि कोविड-19 महामारी जैसे कठिन समय में मनरेगा ग्रामीण अर्थव्यवस्था की जीवनरेखा साबित हुआ। लाखों श्रमिकों को गांवों में ही रोजगार उपलब्ध हुआ, जिससे पलायन और आर्थिक संकट पर नियंत्रण पाया जा सका।

# महाशिवरात्रि पर दूधेश्वरनाथ में उमड़ेगा आस्था का सैलाब





वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** महाशिवरात्रि पर्व को लेकर सिद्धपीठ श्री दूधेश्वर नाथ मठ महादेव मंदिर में तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। भगवान शिव के जलाभिषेक के लिए देश-विदेश से लाखों श्रद्धालुओं के आगमन की संभावना को देखते हुए मंदिर प्रशासन के साथ-साथ पुलिस और जिला प्रशासन भी पूरी तरह सतर्क है। शनिवार को सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (कानून-व्यवस्था एवं यातायात) राज करन नैय्यर ने पुलिस बल के साथ कोतवाली नगर क्षेत्र स्थित दूधेश्वरनाथ मंदिर का भ्रमण किया। उन्होंने मंदिर परिसर, प्रवेश एवं निकास मार्गों का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसी क्रम में सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली नगर उपासना पाण्डेय ने भी पुलिस बल एवं बीडीडीएस (बम डिटेक्शन एंड डिस्पोजल स्क्वाड) के साथ मंदिर परिसर और आसपास के मार्गों की सघन जांच की। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद रखने, भीड़ नियंत्रण, संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर रखने तथा सीसीटीवी निगरानी को प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मंदिर के पीठाधीश्वर, जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता एवं दिल्ली संत महामंडल के अध्यक्ष श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज ने बताया कि महाशिवरात्रि का पावन पर्व रात्रि 12 बजे से प्रारंभ होगा। सर्वप्रथम वे स्वयं भगवान दूधेश्वर का विधिवत जलाभिषेक करेंगे। उनके साथ श्री दूधेश्वर नाथ मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष अनुज गर्ग भी पूजा-अर्चना में सहभागी होंगे। इसके पश्चात प्राचीन देवी मंदिर, द्वारका पुरी (दिल्ली गेट) के महंत गिरिशानंद गिरि महाराज द्वारा महाआरती संपन्न कराई जाएगी और फिर मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के दर्शन हेतु खोल दिए जाएंगे। महाराजश्री ने बताया कि फाल्गुन माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि सायं 5 बजकर 04 मिनट से प्रारंभ होकर 16 फरवरी को सायं 5 बजकर 34 मिनट तक रहेगी। इसी कारण महाशिवरात्रि पर्व 15 फरवरी को मनाया जाएगा।

# आईटीएस डेंटल कॉलेज के जनवरी में चला दंत सेवा अभियान



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** जनस्वास्थ्य के प्रति अपनी सामाजिक प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए आईटीएस डेंटल कॉलेज, मुरादनगर द्वारा जनवरी माह में व्यापक दंत चिकित्सा स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन कर लगभग 4500 मरीजों को लाभान्वित किया। जिले के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में आयोजित इन शिविरों ने न केवल उपचार प्रदान किया, बल्कि लोगों को मौखिक स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया। संस्थान द्वारा भोजपुर, रहीसपुर, खिमावती, डासना, लोनी, मोदीनगर, डिकोली, मोहन नगर, विजय नगर, नंदग्राम, भोपूरा, फरुखनगर, सीकरी खुर्द, रावली, संजय नगर, प्रताप विहार और सिहानी सहित अनेक क्षेत्रों में शिविर लगाए गए। इसके साथ ही एससीसी हाइट्स, केडीपी ग्रैंड सवाना, ब्लू मून और राजनगर रेजीडेंसी जैसी प्रमुख आवासीय सोसायटियों में भी दंत स्वास्थ्य जांच और उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई गई।

# मंत्री सुनील शर्मा ने मोहननगरझ्रसीमा बॉर्डर मार्ग का नारियल फोड़कर किया लोकार्पण, साहिबाबाद को मिली बड़ी सौगात

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद** के साहिबाबाद विधानसभा क्षेत्र को आज बड़ी विकास सौगात मिली है। मंत्री सुनील शर्मा ने मोहननगर से सीमा बॉर्डर तक बनने वाले मार्ग का नारियल फोड़कर विधिवत लोकार्पण किया। इस सड़क के निर्माण से लाखों लोगों को जाम से राहत मिलेगी और आवागमन अधिक सुगम होगा। गाजियाबाद के साहिबाबाद विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को नई गति देते हुए प्रदेश सरकार के मंत्री सुनील कुमार शर्मा ने मोहन नगर से सीमा बॉर्डर तक बनने वाले मार्ग का नारियल फोड़कर विधिवत लोकार्पण किया। इस अवसर पर गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग सहित कई जनप्रतिनिधि, अधिकारी और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। लोक निर्माण विभाग द्वारा लगभग 119.30 लाख रुपये की लागत से बनने वाले इस मार्ग की लंबाई करीब 4.45 किलोमीटर और चौड़ाई 26 मीटर होगी। सड़क के दोनों ओर आधुनिक फुटपाथ, डिवाइडर और जल निकासी की बेहतर व्यवस्था भी की जाएगी, जिससे क्षेत्र में यातायात व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी। लोकार्पण के दौरान मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि साहिबाबाद क्षेत्र के विकास के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। इस सड़क के निर्माण से लाखों लोगों को जाम से राहत मिलेगी और क्षेत्र के व्यापार व आवागमन को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के नागरिकों को बेहतर सड़क और आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय लोगों ने खुशी जताते हुए मंत्री सुनील शर्मा का आभार व्यक्त किया और इसे क्षेत्र के लिए बड़ी सौगात बताया। सड़क निर्माण कार्य पूरा होने के बाद साहिबाबाद और दिल्ली के बीच यातायात और अधिक सुगम, सुरक्षित और आधुनिक हो जाएगा।

# जननी सुरक्षा योजना में गाजियाबाद फिसला, हजारों माताओं का भुगतान अटका

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** सुरक्षित मातृत्व को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संचालित जननी सुरक्षा योजना की ताजा रैंकिंग ने गाजियाबाद और गौतम बुद्ध नगर की स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अप्रैल 2025 से 12 फरवरी 2026 तक की प्रगति रिपोर्ट के अनुसार गाजियाबाद प्रदेश में 48वें स्थान पर पहुंच गया है, जबकि गौतम बुद्ध नगर 31वें नंबर पर है। बुलंदशहर 41वें, बागपत 28वें और मेरठ 34वें स्थान पर हैं। मेरठ मंडल में केवल हापुड़ जिला राज्य के टॉप दस जिलों में जगह बना सका है। योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में संस्थागत प्रसव पर 1,400 रुपये और शहरी क्षेत्रों में 1,000 रुपये की सहायता राशि सीधे लाभार्थी महिलाओं के बैंक खातों में भेजी जाती है। लेकिन आंकड़े बताते हैं कि जमीनी स्तर पर भुगतान प्रक्रिया बेहद सुस्त है। रिपोर्ट के मुताबिक प्रदेश में कुल 20,04,256 डिलीवरी दर्ज हुईं, जिनमें से 6,32,052 मामलों में ही भुगतान प्रक्रिया शुरू हो सकी। इनमें से मात्र 4,74,247 लाभार्थियों, यानी 23.66 प्रतिशत को ही वास्तविक भुगतान हुआ है।

# टीईटी अनिवार्यता के विरोध में शिक्षकों की हुंकार

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) की अनिवार्यता को लेकर देशभर में चल रहे विरोध के बीच भोजपुर ब्लॉक में शनिवार को शिक्षकों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। प्राथमिक विद्यालय जहांगीरपुर में हुई इस बैठक में शिक्षकों ने सर्वोच्च न्यायालय के हालिया निर्णय पर गहरी चिंता जताई और सेवारत शिक्षकों के लिए टीईटी की अनिवार्यता समाप्त करने की मांग दोहराई। बैठक का आयोजन उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ गाजियाबाद इकाई की ओर से किया गया। प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉ. अनुज त्यागी ने कहा कि शिक्षा अधिकार अधिनियम लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टीईटी की अनिवार्यता से मुक्त रखा जाना चाहिए। उनका कहना था कि वर्षों से सेवा दे रहे शिक्षकों के लिए सेवा में बने रहने और पदोन्नति के लिए टीईटी उत्तीर्ण करना बाध्यकारी बनाना न्यायसंगत नहीं है। उन्होंने बताया कि पिछले छह माह से देशभर के शिक्षक इस मुद्दे को लेकर आंदोलनरत हैं। जिला मुख्यालयों पर धरना, जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन सौंपना, काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य करना और हस्ताक्षर अभियान जैसे कार्यक्रम चलाकर विरोध दर्ज कराया जा रहा है।

